## सप्ताह भर परेशान करेगी गर्मी, पारा पहुंचेगा 40 पार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बारिश के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। शुक्रवार को धूप निकलने के बाद पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी सप्ताह भर पारे में वृद्धि का अनुमान है, जो 40 पार हो सकता है। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम 37 और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद् का ग्रीन इंडिया - क्लीन इंडिया मिशन





प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यकारी प्रबंध निदेशक जयंती प्रसाद शर्मा एवं कु. शिवा यादव, मंडल प्रभारी भोला शंकर त्रिपाठी, मंडल सचिव संदीप कुमार, पीलीभीत जिला प्रभारी श्रीमती चांदनी शर्मा, शाहजहांपुर जिला प्रभारी जितेन्द्र कुमार यादव, आंवला प्रभारी तुषार शर्मा, पूरनपुर प्रभारी चन्द्र शेखर गौतम शक्ति वंदन पूजा देवी पासवान, नीरज कुमारी, श्रीमती शिवांशी कटियार, कु. लक्ष्मी देवी द्वारा पौधा रोपण किया गया। परिषद के प्रमुख सचिव एस सी आचार्य ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के इस अवसर पर ग्रीन इंडिया – क्लीन इंडिया मिशन की शुरुआत की जा रही है जिसके अंतर्गत परिषद् द्वारा पूरे मंडल में अपने स्वयं सेवी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पांच हजार पौधे रोपित एवं पौधों को संरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




# डिप्टी सीएम को जिला अस्पताल में मिली गंदगी

## एडीएसआईसी को फटकार, जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन, मरीजों से बात करके इलाज व्यवस्था की स्थिति जानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने करीब डेढ़ घंटे तक किया निरीक्षण
- इमरजेंसी में गंदगी मिलने पर सफाई कर्मियों का वेतन काटने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को करीब डेढ़ घंटे तक महाराणा प्रताप मंडलीय जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान इमरजेंसी से लेकर वार्डों में भी खामियां मिलीं। डिप्टी सीएम ने इमरजेंसी में गंदगी मिलने पर एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को कड़ी फटकार लगाई और सफाई कर्मियों के वेतन काटने के निर्देश दिए। वार्डों में भर्ती मरीजों के पास तकिया भी नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फौरन तकिया उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



जिला अस्पताल में मरीज से जानकारी लेते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, साथ में वनमंत्री।

डिप्टी सीएम शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 15 मिनट जिला अस्पताल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की एक दीवार पर लगी टाइल्स भी टूटी मिली, उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में स्थापित हुए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब की व्यवस्थाएं परखीं। निरीक्षण के दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, डीएम अविनाश सिंह, सीएमओ डॉ.विश्राम सिंह, सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, डीआईओ डॉ. प्रशांत रंजन, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित व डॉ. लईक अहमद अंसारी व डा. राहुल वाजपेई मौजूद रहे।

**स्नैक बाइट के मामले अधिक, टीम भेजकर जागरूक करें :** इमरजेंसी वार्ड में देहात से आए दो मरीजों को सांप ने काटा था, हालत गंभीर थी। डिप्टी सीएम ने तीमारदारों से उनका हाल जाना और सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को स्नैक बाइट के मामले ज्यादा सामने आने वाले इलाकों में टीमें भेजकर लोगों को बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कि बारिश के मौसम में स्नैक बाइट के मामले बढ़ते हैं।

### मैं रजिस्टर देख लूंगा, आप इन बहन का इलाज करें

डिप्टी सीएम जब इमरजेंसी वार्ड स्थित ईएमओ कक्ष में पहुंचे तो यहां डॉ. वैभव शुक्ला व फार्मासिस्ट अंकित यादव मौजूद थे। इस दौरान डॉक्टर एक महिला मरीज को परामर्श दे रहे थे। डिप्टी सीएम ने डॉक्टर से कहा, मुझे बस आईपीडी रजिस्टर दे दीजिए और आप इस बहन का इलाज कीजिए। उन्होंने महिला मरीज से उसका हाल भी जाना। डिप्टी सीएम ने आईपीडी रजिस्टर चेक किया तो गुरुवार देर रात से सुबह 11 बजे तक 19 मरीज भर्ती किए गए थे। उन्होंने कहा, रजिस्टर के पेज पर तिथि साफ-साफ लिखें, जिससे स्पष्ट हो सके कि मरीज किस समय भर्ती किया गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम पैथोलॉजी लैब में गए। उपकरणों में लगे तार अव्यवस्थित देख उन्होंने नाराजगी जताई। यहां गंदगी भी मिली। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

### अम्मा कपड़ा हम मंगाई दें

इमरजेंसी वार्ड में निरीक्षण के दौरान सड़क हादसे में घायल युवक भर्ती था, लेकिन उसके घाव को ठीक प्रकार से साफ नहीं किया था। इस पर स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई और फौरन घाव साफ करने के निर्देश दिए, वहीं युवक भीषण गर्मी में जींस और शर्ट पहने था। इस पर डिप्टी सीएम ने मरीज की मां से कहा कि अम्मा गर्मी बहुत है, घर से एक पइजामा और टी-शर्ट मंगाय लेओ, अगर कोई परेशानी है तो कपड़ा हम मंगाई दें। इस पर एडीएसआईसी ने कहा कि सर कपड़े हम मंगा देते हैं।

**चमकदार धूप में इमरजेंसी की छत पर पहुंच गए डिप्टी सीएम :** इमरजेंसी के प्रथम तल पर बने वार्ड में मरीजों का हाल जानने के बाद डिप्टी सीएम भीषण गर्मी और चमकदार धूप में इमरजेंसी वार्ड के प्रथम तल की छत पर पहुंचे। यहां सोलर पैनल देखकर सवाल किया कि ये कितने किलोवॉट के हैं। स्टाफ ने जवाब दिया तब डिप्टी सीएम ने लोड बढ़ाने के निर्देश दिए। छत पर गंदगी देख सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए।

## कोतवाली रोड सुबह से साफ दिखा, दोपहर फिर अतिक्रमण



जिला अस्पताल रोड से हटवाईं अवैध दुकानें व फड़।

**बरेली, अमृत विचार :** इसे सत्ता का खौफ ही कहा जा सकता है कि शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के जिला अस्पताल में आने से पूर्व ही कोतवाली रोड पर रोजाना सजने वाला अवैध बाजार नदारद दिखा। नावल्टी चौराहे से लेकर जिला अस्पताल के मुख्य गेट तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अस्पताल में भर्ती कई मरीजों के तीमारदारों के वाहनों को जब अस्पताल में प्रवेश द्वार पर पुलिस ने रोका तो तीखी नोकझोंक भी हुई।

डिप्टी सीएम का काफिला जाते ही जिला अस्पताल गेट से निकलकर नावल्टी तक रोड के दोनों ओर अवैध बाजार सज गया।

## जिला अस्पताल में होगी हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य अफसरों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एडीएसआईसी कार्यालय में स्वास्थ्य अफसरों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हृदय रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है ऐसे में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को आदेश दिया कि वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से हृदय रोग विशेषज्ञ की भर्ती जल्द करें, सरकार ने पांच लाख तक वेतन विशेषज्ञ डॉक्टर को देने का निर्णय लिया है।

अगर जरूरत हो तो दो विशेषज्ञ भर्ती करें और एक माह में 10-10 दिन की सेवाएं अस्पताल में देने के लिए निर्धारित करें। इसके आधार पर ही विशेषज्ञों के वेतन का निर्धारण हो। संस्थागत प्रसव बढ़ाने के भी आदेश दिए हैं। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, डीएम अविनाश सिंह, एडी हेल्थ डॉ. साधना अग्रवाल, एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



स्वास्थ्य अफसरों के साथ बैठक करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

### हीट वेव को लेकर न हो लापरवाही

बैठक के अंत में ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को जिले में रिक्त डॉक्टरों के पदों को वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती करने के निर्देश दिए, वहीं भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते हीट वेव की चपेट में आने वाले मरीजों को त्वरित इलाज और अस्पतालों में तीमारदारों के ठहरने और ठंडा पानी की भी व्यवस्था करने को कहा है।

### एमओआईसी के कार्य को सराहा

बैठक के दौरान जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं पर भी डिप्टी सीएम ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने जानकारी ली। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में फरीदपुर और नवाबगंज सीएचसी पर ओपीडी और आईपीडी की प्रगति सबसे बेहतर है। इस पर डिप्टी सीएम ने फौरन सीएमओ से नवाबगंज एमओआईसी का नंबर लगाकर बात की। एमओआईसी डॉ. अमित गंगवार से सवाल किया कि आज कितने मरीज भर्ती हैं। उन्होने बताया कि कुल 16 मरीज भर्ती हैं जिनमें 5 गर्भवती मरीज भी शामिल हैं। ओपीडी में दोपहर साढ़े 12 बजे तक 254 मरीजों को परामर्श दिया गया है। डिप्टी सीएम ने एमओआईसी की सराहना करते हुए अन्य को भी इसी प्रकार से प्रेरित करने का निर्देश दिया।






पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शाम 6:30 बजे।
- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सत्यम बरात घर संजय नगर में शाम 5 बजे।
- बकरीद की मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह पर सुबह 10 बजे।

# वन मंत्री का बिजली व्यवस्था सुधारने को 15 दिन का अल्टीमेटम

## भीषण गर्मी में शहरी क्षेत्र में अधाधुंध बिजली कटौती और लगातार हो रहे फाल्ट को लेकर वन मंत्री ने दिखाए तेवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में शहरी क्षेत्र में बिजली गुल रहने की लगातार शिकायतें मिलने पर वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में डीएम अविनाश सिंह और बिजली विभाग के जोनल चीफ ज्ञान प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को तलब कर लिया।

वनमंत्री ने जब जोनल चीफ से जनता से जुड़ी समस्याओं के बारे में सवाल पूछने लगे तो वह और उनके मातहत अफसर सही जवाब नहीं दे सके। इस पर वनमंत्री ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिन के भीतर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराएं। 15 दिन के बाद फिर समीक्षा बैठक होगी। उसमें लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने सर्किट हाउस में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से जिले की बिजली व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बिजली आपूर्ति ठीक प्रकार से न होने पर उसे सुचारू कराने के निर्देश दिए। डॉ अरुण कुमार ने जोनल चीफ से पूछा कि शहर की जिन कॉलोनियों में पूर्व से विद्युत कनेक्शन हो चुके हैं, उनमें नए बने मकानों पर कनेक्शन देने में क्यों आनाकानी की जा रही है, जनता को क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं को गलत बिल भेजे जाने, मकान में एक दुकान चलाने पर पूरे मकान का कामर्शियल बिल भेजने समेत अन्य शिकायतों के बारे में पूछा। इस पर अधिकारी सही जवाब नहीं दे सके।

वनमंत्री ने कहा कि आंधी-तूफान की स्थिति में जिले की विद्युत सप्लाई कई बार बाधित हुई। बिजली खराब होने पर पूरे दिन लोगों को गर्मी एवं रात अंधेरे में काटने के लिए मजबूर होना पड़ता है, इसका स्थायी समाधान निकालें, ताकि जिले की जनता को परेशानी न हो। जनता को सूचना होनी चाहिए कि विद्युत जाने के बाद किस समय आएगी, ताकि क्षेत्रवासी इधर-उधर न भागें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह, एसपी सिटी सौरभ दुबे, शहरी अधीक्षण अभियंता बह्मपाल, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता सत्येंद्र चौहान, अधिशासी अभियंता रमाशंकर मौर्य, अभियंता अंकित गंगवार मौजूद रहे।


सर्किट हाउस में डीएम और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति की समीक्षा करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार।

- वनमंत्री के सवालों के जवाब नहीं दे सके अधिकारी
- बिजली व्यवस्था की 15 दिन बाद फिर करेंगे समीक्षा

### पार्षदों ने खोली बिजली विभाग की पोल

वनमंत्री की समीक्षा बैठक में भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट, पार्षद पति अतुल कपूर, पार्षद महेश राजपूत, पार्षद रंजीत, पार्षद प्रांजल गर्ग, पूर्व पार्षद उदित सक्सेना एवं दिनेश अग्रवाल आदि ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। कहा कि अधिकारी बांस-बल्ली पर कनेक्शन दे रहे हैं। बिलों में दिक्कतें ज्यादा आ रही हैं। फॉल्ट होने के बाद कई घंटे तक ठीक नहीं होता है। अधिकारी फोन तक नहीं उठाते हैं। किला, छावनी, मॉडल टाउन, संजय नगर, राजेंद्र नगर, साहूकारा, सुभाषनगर आदि क्षेत्रों में लगातार बिजली लाइनों में फॉल्ट होने की शिकायत पर भी एक से दो दिन में समस्या ठीक नहीं होने की शिकायतें वनमंत्री तक पहुंचीं।

### दुकान पर ही कामर्शियल बिल वसूलें

वनमंत्री ने बिजली अधिकारियों से कहा कि जिन मकानों में छोटी दुकान है उस दुकान पर ही कामर्शियल बिल वसूल करें, बाकी पूरे मकान पर घरेलू संयोजन बिल लें, ताकि घरेलू दुकानदारों को सुविधा हो सके। शिकायत मिली है कि कुछ क्षेत्रों में जहां छोटी दुकान है, वहां पूरे घर पर कामर्शियल बिल दिया गया है, जिसमें जांच कर तत्काल संशोधन कराएं।

### जोनल चीफ बोले-शीघ्र समस्याएं दूर कराएंगे

समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग के जोनल चीफ ज्ञान प्रकाश ने विभागीय समस्याओं को भी बताते हुए आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान तुरंत कराएंगे। विद्युत सप्लाई वर्टिकल के अनुसार सुचारू रूप से दी जायेगी। जो समस्याएं आप लोगों ने मेरे समक्ष रखी हैं, वह जायज हैं। शीघ्र ही इनका निराकरण कराया जाएगा।

## जोधपुर-गोरखपुर के बीच वाया बरेली समर स्पेशल 12 से चलेगी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोधपुर से गोरखपुर और गोरखपुर से जोधपुर के बीच 04829/04830 साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 12 जून से चलेगी। इस ट्रेन का संचालन ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान तीन फेरों में किया जाएगा। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलेगी।

04829 ट्रेन हर गुरुवार को जोधपुर से रवाना होकर शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं 04830 ट्रेन हर शुक्रवार को गोरखपुर से प्रस्थान कर शनिवार को जोधपुर पहुंचेगी। ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर तथा सामान्य (जनरल) श्रेणी के कोच होंगे। बरेली जंक्शन पर समर स्पेशल ट्रेन जोधपुर से गोरखपुर की दिशा में शुक्रवार सुबह 9:51 बजे पहुंचेगी और 9:56 बजे रवाना होगी। वहीं, गोरखपुर से जोधपुर जाने वाली ट्रेन शुक्रवार को सुबह 9:31 बजे बरेली पहुंचेगी और 9:33 बजे रवाना होगी।

## एक नजर

### बस से चालक ने चोरी किया सामान

**बरेली, अमृत विचार :** परतापुर चौधरी निवासी जाहिद रजा खां ने इज्जतनगर थाने में चालक और पूर्व चालक के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जाहिद ने बताया उनकी बस परिवहन निगम के रुहेलखंड डिपो में अनुबंधित है। बस बरेली, बदायूं, चंदौसी और मुरादाबाद मार्ग पर चलती है। सुकटिया थाना इज्जतनगर निवासी छत्रपाल उनकी बस चलाता था। 24 अप्रैल से आलोक नगर कंजादासपुर थाना इज्जतनगर निवासी मनीष कुमार उर्फ श्यामवीर बस चलाने लगा। 29 मई को मनीष के साथ छत्रपाल पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाने के लिए बस लाया तो उन्होंने सामान चेक किया। तब पता चला कि बस से प्रेशर जैक, कंप्लीट स्टपनी, नई बैटरी, दो बाल्टी यूरिया, 20 लीटर डीजल नहीं है। पूछने पर मनीष और छत्रपाल भड़क गए।

### भड़काऊ पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** समुदाय विशेष के युवक ने सोशल साइट पर हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाली भड़काऊ पोस्ट डाली है। जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जादौंपुर गांव निवासी नइम ने सोशल साइट पर भड़काऊ पोस्ट की, जिससे हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है। हिंदू संगठन के नेता हिमांशु पटेल ने पुलिस अफसरों को एक्स पर पोस्ट कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। अफसरों के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी नईम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उनके पति हल्द्वानी में नौकरी करते हैं। वह बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। पड़ोस में रहने वाला राशिद उनके घर में 28 मई को रात 12 बजे आ गया और अश्लील हरकतें करने लगा। आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया।

### घर में घुसकर किशोरी से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीगंज थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उनके पड़ोस में मुकेश कश्यप रहता है। बुधवार देर रात वह उनके घर में घुस आया और उनकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी बेटी को थप्पड़ मारकर भाग गया।

# जंक्शन पर ऑटो चालकों व आरपीएफ के बीच टकराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरपीएफ ने सर्कुलेटिंग एरिया में अव्यवस्थित खड़े ऑटो रिक्शाओं पर की कार्रवाई
- भड़के ऑटो चालकों ने जताया विरोध, देर तक चले हंगामे का वीडियो वायरल

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को ऑटो चालकों और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के बीच टकराव हो गया। इस पर जमकर हंगामा हुआ। हंगामा उस समय शुरू हुआ, जब आरपीएफ की टीम सर्कुलेटिंग एरिया में अव्यवस्थित खड़े ऑटो रिक्शाओं पर कार्रवाई करने पहुंची। यह इलाका हनुमान मंदिर के सामने से रेलवे मनोरंजन सदन तक फैला है, जहां हर समय दर्जनों ऑटो खड़े रहते हैं और जाम की स्थिति बनी रहती है।

रेलवे ने सर्कुलेटिंग एरिया के भीतर ऑटो की पार्किंग पर शुल्क निर्धारित किया है, लेकिन अधिकांश चालक इस शुल्क से बचने के लिए मंदिर के पास सड़कों पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जंक्शन पर भीषण जाम लगता है। यहां तक कि कई बार रेल अधिकारियों की गाड़ियां भी जाम में फंस जाती हैं। इसी को देखते हुए आरपीएफ ने हाल ही में इस क्षेत्र में नियमित कार्रवाई शुरू की है।

आरपीएफ एसआई के नेतृत्व में शुक्रवार को टीम जब मौके पर पहुंची और नियमों के तहत अव्यवस्थित खड़े ऑटो हटवाने लगी तो एक चालक ने विरोध शुरू कर दिया। उसने दावा किया कि उसे वहां खड़े होने की प्रशासनिक अनुमति प्राप्त है और वह नियमित रूप से टैक्स भी देता है। उसका साथ देने के लिए अन्य ऑटो चालक भी जुट गए और आरपीएफ पर मनमानी का आरोप लगाने लगे। हंगामा इस हद तक बढ़ गया कि ऑटो चालकों ने आरोप लगाने शुरू कर दिए। उनका आरोप था कि रोजाना 8 से 10 ऑटो सीज किए जाते हैं और फिर छोड़ने के नाम पर वसूली की जाती है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार 4 वाहनों का चालान किया गया। इसी दौरान किसी राहगीर ने पूरे हंगामे का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया निकाह

**बरेली, अमृत विचार :** किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करके युवक ने अश्लील वीडियो तथा फोटो बना लिए। इसके बाद आरोपी ने ब्लैकमेल करके जबरन निकाह कर लिया। अब आरोपी पांच लाख रुपये मांग रहा है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी बेटी 14 वर्ष की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव कंजादासपुर का जासम पुत्र हासम आए दिन बेटी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था। आरोपी ने उनकी बेटी का चुपके से अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए। शिकायत करने पर आरोपी ने धमकी दी कि बेटी का निकाह उसके साथ कर दो नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा। आरोपी ने डरा-धमकाकर निकाहनामा तैयार करा लिया। अब आरोपी पीड़िता से पांच लाख रुपये की मांग कर रहा है। आरोपी ने 3 जून 2025 को रात में फोन करके धमकी दी है कि यदि तीन दिन में पांच लाख रुपये नहीं दिए तो वह उनकी बेटी के फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी जासम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गिरफ्तारी से बचने के लिए 300 बेड अस्पताल में भर्ती फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गिरफ्तारी से बचने के लिए सीने में दर्द होने का बहाना बनाकर इलाज के लिए पिछले कई दिनों से 300 बेड अस्पताल में भर्ती फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो जोड़ी वर्दी, दो आईडी और अन्य सामान बरामद किया।


आरोपी।

हाफिजगंज निवासिनी इकरा ने अपने पति शहजाद अहमद निवासी हाफिजगंज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर शादी करने का आरोप लगाते हुए थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश करने लगी थी। इसी बीच आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई, लेकिन वह बीमार हो गया। तब पुलिस ने उसे छोड़ दिया था, लेकिन जब पुलिस दोबारा आरोपी के घर पर पहुंची तो वह गायब मिला। लोकेशन ट्रेस करने पर पता चला कि शहजाद गिरफ्तारी से बचने के लिए सीने में दर्द होने का बहाना बनाकर 300 बेड अस्पताल में भर्ती हो गया है। इसके बाद इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने उसे 300 बेड अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के पास से पुलिस को दो खाकी वर्दी, 2 फ्लेप जिसमें 3-3 स्टार लगे हुए हैं। एक सीटी, दो नेम प्लेट, जिस पर शहजाद अहमद लिखा है। एक बाजू लोगो, दो ईएमई बैज, एक खाकी पी कैप, एक लाल रंग की चमड़े की बेल्ट, दो आधार कार्ड, दो फर्जी आईडी, जिस पर आरोपी के फोटो लगे हैं। आईडी पर असिस्टेंट कमिश्नर के अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं। दूसरा आईडी कार्ड उत्तर प्रदेश पुलिस के सब इंस्पेक्टर का है।

### इकरा से शादी करने को बना फर्जी इंस्पेक्टर

आरोपी शहजाद ने पूछताछ में बताया कि हाफिजगंज में उसके मकान के पास ही इकरा का परिवार किराये पर रहता था। तब वह इकरा के घर आने जाने लगा। उसे इकरा से प्रेम हो गया। तब उसने इकरा के परिजनों से शादी की बात की, लेकिन इकरा के घर वालों ने बेरोजगार से बेटी का निकाह करने से इनकार कर दिया। वह बीकाम है। नौकरी की तलाश में वह कुछ दिन मुरादाबाद रहा। वहां रहकर कस्टम इंस्पेक्टर और उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर की परीक्षा की तैयारी की।

### यू-ट्यूब से सीखा पुलिसिया स्टाइल

आरोपी ने बताया कि उसने यूट्यूब से पुलिसिया स्टाइल सीखा। कस्टम इंस्पेक्टर कैसे बात करते हैं। कैसे चलते हैं। वर्दी कैसी पहनी जाती है। पूरा स्टाइल सीखकर वह वर्दी में अपने कस्बे में पहुंचा। तब वहां के लोगों ने उसका जमकर स्वागत किया। कई चैनलों पर उसका इंटरव्यू हुआ। इससे उसका मनोबल बढ़ गया। फेसबुक पर वर्दी पहनकर कई वीडियो अपलोड किए। जब इकरा के परिजनों को पता चला कि वह कस्टम इंस्पेक्टर बन गया है। तब वे लोग भी शादी के लिए तैयार हो गए। उसने इकरा से भी यह बात छिपाई थी।

> फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को तीन सौ बेड अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।
> – पंकज कुमार श्रीवास्तव, सीओ तृतीय

### मिलते नाम से किया था खेल

आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर की परीक्षा में फेल हो गया। इसी बीच सीजीएल की परीक्षा का परिणाम आ गया। वह नेट पर रिजल्ट देख रहा था। तब उसने देखा कि 2643 नंबर पर अंकित एक लड़का शहजाद अंसारी पुत्र मुमताज अंसारी पास हुआ है। इसके बाद उसने ऑनलाइन सीजीएल लिस्ट को एडिट करके शहजाद अंसारी के स्थान पर अपना नाम शहजाद अहमद और पिता का नाम मुश्ताक अहमद कर लिया। इसके बाद उसने मुरादाबाद में दो जोड़ी वर्दी सिलवाईं और वहीं से पुलिस का सारा सामान खरीदा।

### ड्यूटी पर न जाने से खुला राज

सीओ तृतीय पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी शहजाद ने स्वीकार किया कि दहेज को लेकर उसके परिजन और वह इकरा को परेशान करने लगे। इस दौरान वह कभी ड्यूटी पर भी नहीं गया और घर पर रहा, जिससे पैसों की तंगी होने लगी। ड्यूटी पर जाने के बारे में इकरा पूछती तो डांट देता। तब इकरा के भाई को उस पर शक हुआ। इसके बाद इकरा ने परिजनों के कहने पर उसके खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज करा दी। सीने में दर्द होने की शिकायत बताने पर परिजनों ने उसे 300 बेड अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# छात्रा को कार में खींचकर कीं अश्लील हरकतें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवती पर शादी का जबरन दबाव बना रहा सपा पार्षद का भाई
- प्रेमनगर पुलिस ने पार्षद समेत तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** छात्रा पर जबरन शादी का दबाव बनाने और इनकार करने पर उसे कार में खींचकर फोटो लेकर वायरल करने की धमकी देने के आरोप में सपा पार्षद ओमान रजा, उसके भाई सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की इस हरकत से युवती का रिश्ता भी टूट गया। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी स्नैपचेट पर आईडी है। उक्त आईडी पर सपा पार्षद ओमान रजा के भाई जुहैब रजा ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी, जिसे पीड़िता ने स्वीकार कर लिया। धीरे-धीरे उन दोनों की बातें होने लगीं। इसी बीच जुहैब ने शादी का प्रस्ताव रख दिया। उसने इनकार कर दिया और कहा कि रिश्ता तय हो चुका है।

तब जुहैब रजा ने उसके पास संदेश तमंचे की बट का फोटो भेजा और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का जहां रिश्ता लगा हुआ था।

वहां जाकर लड़के और उसके घर वालों को रिश्ता करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद लड़के के घर वालों ने रिश्ता तोड़ दिया।

### कॉलेज से लौटते समय छात्रा को पकड़ा

पीड़िता ने बताया कि 26 मई 2025 को वह बरेली कॉलेज में पेपर देने के लिए गई थी। तभी कालीबाड़ी गेट पर जुहैब रजा, ओमान रजा व एक अज्ञात व्यक्ति ने रोक लिया और निकाह का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर उसे खींचकर कार में जबरन बैठा। कार में ओमान रजा और जुहैब रजा ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें की और फोटो खींच लिए। किसी तरह पीड़िता आरोपियों के चंगुल से छूटी और अपनी जान बचाई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी जुहैब रजा प्रेमनगर क्षेत्र में हुई मारपीट के प्रकरण में जेल जा चुका है।

## दबंगों ने खंभे और लाइन को किया क्षतिग्रस्त

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने खंभे और तार क्षतिग्रस्त कर दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने ठेकेदार को जान से मारने की धमकी दी।

बिथरी चैनपुर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अमरोहा जिले के गांव रझेड़ा थाना हसनपुर निवासी अंकित कुमार ने बताया कि वह ठेकेदार हैं। उनकी साइट लालपुर से बालीपुर तक है। यहां वह खंभे लगवाकर तार खिंचवा रहे हैं। 30 मई को अज्ञात लोगों ने आठ खंभे तोड़ दिए और तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने टोका तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। ठेकेदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# डिप्टी सीएम के काफिले में चल रही कार से टकराई बाइक, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सबसे पीछे चल रही सीएमओ की कार से टकराई तेज रफ्तार बाइक
- पुलिस रोकती रही, फिर भी नहीं रुके बाइक सवार, एक की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के काफिले के पीछे चल रही सीएमओ की कार से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को बरेली दौरे पर आए थे। जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह बदायूं रोड स्थित विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के आवास जा रहे थे। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह की कार काफिले में सबसे पीछे चल रही थी। काफिला जैसे ही करगैना चौकी के सामने पहुंचा, वैसे ही बाइक सवार सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव इटौआ सुखदेवपुर निवासी सुशील उर्फ वेदपाल और यशपाल ने रोड पार करना चाहा। इसी दौरान बाइक सीएमओ की कार से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर सुभाषनगर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिस वक्त काफिला गुजर रहा था। उस वक्त यातायात रोक दिया गया था, लेकिन वेदपाल काफिले के बीच से निकलने का प्रयास करने लगा और वह सीएमओ की कार की चपेट में आ गया।


अस्पताल में भर्ती घायल वेदपाल।

# लापरवाही में नवाबपुरा चौकी इंचार्ज को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने एसपी दक्षिणी, उत्तरी और तीन सीओ को दिया सम्मान

**अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने अपराध समीक्षा बैठक कर मार्च और अप्रैल में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। चेतावनी दी कि लापरवाही करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिरौली थाना की चौकी नवाबपुरा के इंचार्ज राजकुमार को लापरवाही में निलंबित कर दिया।

पुलिस लाइन में बुधवार की देर रात एसएसपी ने समीक्षा बैठक की। इसमें रैंकिंग में शीशगढ़ थाना को मार्च और अप्रैल दोनों माह में पहला स्थान मिला। वहीं, मीरगंज, भमोरा मार्च में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बेहतर कार्य करने वाले जोगीनवादा, रामगंगा, बिहारीपुर, किला और नकटिया चौकी के इंचार्ज को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र दिया। बहेड़ी सर्किल लगातार दोनों महीनों में टॉप पर रहा। मार्च में उत्तरी जोन और अप्रैल में दक्षिणी जोन अव्वल रहे। यह रैंकिंग अपराध नियंत्रण, वांछितों की गिरफ्तारी, समय से विवेचना निपटाना, समन-वारंट की तामीली और थाने की साफ-सफाई समेत करीब दो दर्जन बिंदुओं पर बनी है। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा व तीन सीओ और पांच चौकी इंचार्जों को सम्मानित किया गया। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ग्रामीण, एसपी ट्रैफिक, एसपी साउथ सभी सीओ और थाना प्रभारियों के अलावा कई अन्य अफसर मौजूद रहे।

## बाइक सांड़ से टकराई, युवक की जान गई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सड़क पर खड़े सांड़ से टकराकर बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव बैभई निवासी आकाश (22) शुक्रवार शाम अपनी ससुराल पीलीभीत जा रहा था, रास्ते में गांव गरगइया के पास हाईवे पर खड़े सांड़ से उसकी बाइक टकरा गई, सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आकाश की अभी एक साल पहले शादी हुई थी, उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चारों ओर फैला मिलावट का जाल, न मावा शुद्ध न ही दूध

खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लगातार सैंपल हो रहे फेल और मिल रहे अधोमानक
- फिर भी नहीं थाम पा रहे मिलावटखोरों की रफ्तार

**अमृत विचार :** स्वस्थ जीवन के लिए सबसे अधिक जरूरी आहार है। डॉक्टर भी परामर्श में पोषण आहार जैसे दूध, दही, दाल और हरी सब्जियों समेत अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह देते हैं, लेकिन हम सुबह से लेकर रात तक जिन भी खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, इनके शुद्ध होने की गारंटी नहीं है, ऐसा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की बीते कई सालों में जारी रिपोर्ट बयां कर रही है।

दरअसल, बीते साल शहर से लेकर देहात तक 3 हजार से अधिक प्रतिष्ठानों और दुकानों पर टीमों ने छापेमारी की। रिपोर्ट आने पर बड़ी संख्या में सैंपल फेल हुए। सैंपल फेल होने वाले पदार्थों में दूध, मावा, पनीर, मसाले समेत अन्य खाद्य पदार्थ शामिल हैं।



**आज जागरूकता कार्यक्रम कर होगी इतिश्री :** आज यानि शनिवार को खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत एफएसडीए की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस दौरान अधिकारी मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के साथ ही लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान कर सेवन न करने पर जागरूक भी करेंगे।

### टीमों ने 3577 दुकानों पर की थी छापेमारी

विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 में एफएसडीए की टीम ने कुल 3577 दुकानों पर छापेमारी कर 1382 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। जांच में 537 नमूने फेल हो गए थे। खास बात ये है कि जो नमूने फेल हुए हैं, इनमें रोजमर्रा में सेवन करने वाले खाद्य पदार्थ शामिल हैं, जैसे नमकीन, दूध से निर्मित पदार्थ, तेल, मसाले, आईसक्रीम आदि। हैरत की बात ये है कि इनमें 111 ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं, जो असुरक्षित हैं यानी सेहत के लिए घातक हैं। जांच में 352 नमूने अधोमानक पाए गए हैं।

### त्योहार पर मचता है शोर, फिर शांत

होली, दिवाली समेत अन्य त्योहार के निकट आते ही एफएसडीए की टीमें धरातल पर नजर आती हैं। 7 से 10 दिनों तक व्यापक रूप से अभियान चलाया जाता है, लेकिन इसके बाद सब शांत हो जाता है, हालांकि मिलावट संबंधी शिकायत मिलने के बाद ही विभाग की टीमें मौके पर नजर आती हैं।

> शासन के निर्देश पर मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जल्द मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला आरंभ होगी, जिससे मिलावटखोरी पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा।
> – अक्षय गोयल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# बकरीद आज, देर रात तक होती रही खरीदारी

## बाकरगंज ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा होगी मुख्य नमाज

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा (बकरीद ) शनिवार को मनाई जाएगी। जिसको लेकर शुक्रवार देर रात तक ईद की तैयारियां चलती रहीं। बाजार में रौनक दिखी। सेवई से लेकर गुलाब के फूलों सहित अन्य सामान खरीदने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ रही। सुबह 10 बजे बाकरगंज ईदगाह में मुख्य नमाज अदा होगी।

कुतुबखाना, सिविल लाइंस आदि इलाकों में लोग कपड़े, जूते और गुलाब के फूल खरीदने के लिए देर रात तक जमा रहे। शनिवार से लेकर सोमवार तक तीन दिन तक लगातार कुर्बानी का सिलसिला चलेगा। इसके मद्देनजर सेवई और ड्राई फ्रूट खरीदने के लिए खोया मंडी में लोगों की भीड़ रही। दरगाह आला हजरत पर टोपी, इत्र और अन्य सामान की खरीदारी करने के लिए रात तक लोग पहुंचे। कुर्बानी के जानवर के लिए बकरा बाजारों में भी देर रात तक रौनक रही। सैलानी, किला, कुतुबखाना, शाहदना बकरा बाजार में एक लाख तक के बकरे खरीदे गए।


शाहदाना बकरा बाजार देर रात रहा ग्राहकों से गुलजार। ● अमृत विचार

### सफाई व्यवस्था के लिए जोनवार टीमों का गठन

**बरेली, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम ने जोनवार टीम का गठन किया है, जो साफ सफाई पर खास ध्यान देंगी। सड़क पर कूड़ा, कचरा फेंकने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं। त्योहार के दिन और बाद में भी सफाई पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छता के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने प्रमुख इलाकों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई की। इसके अलावा पशुओं के अपशिष्ट व कचरे के सही निपटान के लिए भी विशेष टीम गठित की गई है, जो शहर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेगी। इसके लिए जोनवार चार टीम बनाई गई हैं। नगर निगम ने विशेष वाहनों की तैनाती की है, जो कुर्बानी के बाद पशुओं के अपशिष्ट को समय पर उठाएंगी और उसका सही ढंग से निपटान कराएंगी। टीम लोगों को जागरूक कर रही है कि कुर्बानी के बाद अपशिष्ट को खुले में न फेंकें, अगर ऐसा करते हुए पकड़ा गया तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.भानु प्रकाश ने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। त्योहार के दिन वार्डों में टीमें सक्रिय रहेंगी।

### डीएम ने ईदगाह का भ्रमण कर व्यवस्था परखी



**बरेली, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को ईदगाह एवं जामा मस्जिद क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने अपील की। साथ ही कहा कि बच्चों को समझाएं कि कुर्बानी की वीडियो न बनाएं और न ही वायरल करें। जिलाधिकारी ने कहा कि परंपरागत रूप से जहां नमाज पढ़ते आए हैं, वहीं पढ़ें। सामूहिक कुर्बानी स्थल पहले से चिह्नित हैं, उन्हीं स्थानों पर कुर्बानी दें। उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में निर्देश दिए। साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, ट्रैफिक आदि व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। कहा कि मस्जिद में नमाज कोविड के नियम के अनुसार पढ़ें, मस्जिद में बैरिकेडिंग उचित प्रकार से करें। इस दौरान नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे।

### अमन के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी है। उन्होंने पैगाम में कहा है कि आपसी इत्तेहाद, भाईचारे और अमन के साथ ईद का त्योहार मनाएं। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने सज्जादानशीन के हवाले से कहा कि कुर्बानी करते वक्त कोई ऐसा काम न करें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। सबकी भावनाओं का ख्याल रखें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। खुले में कुर्बानी कतई न करें। मुफ्ती सलीम नूरी ने ईद की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

## विश्व हिंदू महासंघ ने सीएम योगी का जन्मदिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष देवेश पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को बीसलपुर रोड स्थित भगवतीपुर ज्वाला देवी मंदिर परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर सीएम योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मनाया गया। धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सुखराम दास ने कहा कि सीएम योगी ने हिंदुत्व और सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है। प्रदेश मंत्री पप्पू पहलवान ने भी विचार रखे। जिलाध्यक्ष देवेश पटेल, प्रदेश मंत्री राजेश मौर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा आंवला नीरज पटेल, बाल व्यास डॉ. रोहित नंदन ,ओमपाल मौर्य मंडल प्रभारी ,अशोक अग्रवाल मंडल सह प्रभारी ,अखिलेश तिवारी प्रभारी मंत्री बरेली मंडल, अजय वर्मा जिला प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### गंदगी से नालियां चोक

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गंगानगर में गंदगी की वजह से नालियां चोक हैं। इससे मच्छर पनप रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हल्की बारिश में ही नालियां उफना जाती हैं। उन्होंने का कहना है कि नालियों की नियमित रूप से सफाई कराई जाए।

## संगठन सृजन अभियान के तहत होंगे कई कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को महानगर कांग्रेस ने बैठक की। जिसमें संगठन सृजन अभियान पर विचार विमर्श में हुआ।

मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा ने कहा कि अभियान में कई बिंदुओं पर कार्यक्रम होने हैं। मुख्य रूप से संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने, छोटी-छोटी सभाएं और गोष्ठियों के माध्यम से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन करना आदि शामिल है। कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा ने कहा

● बैठक में बोले कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा

कि जल्द जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटियों की घोषणा होने जा रही है आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक संगठन को पूरी तरह से सक्रिय और तैयार करना है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि जल्द महानगर में झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत होगी। कृष्णकांत शर्मा, डॉ केबी त्रिपाठी, जिया उर रहमान, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, पार्षद जहीरूद्दीन मुन्ना, डॉ. हरीश गंगवार, आशीष रुस्तम आदि मौजूद रहे।

# देश बन चुका है विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भोजीपुरा के दिव्यानंद आश्रम में शुक्रवार को जनपदीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस मौके पर जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाएं। मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।



कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह व मंचासीन पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास और प्राण प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम का पुनरोद्धार और महाकुंभ जैसे आयोजन से प्रदेश की छवि बदल रही है। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश बदल रहा है। आंतरिक सुरक्षा से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक में भारत दुनिया के लिए उदाहरण बना है। जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित अभियान 9 से 21 जून तक चलेगा। इस मौके पर एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक

● भाजपा की ओर से आयोजित जनपदीय कार्यशाला में बोले जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह

डॉ. एमपी आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, रविन्द्र सिंह राठौर, पूरन लाल लोधी, हरिशंकर गंगवार, शिव मंगल सिंह राठौर, वीरपाल गंगवार, मेघनाथ सिंह कठेरिया, अजय सक्सेना, राहुल साहू, चंचल गंगवार, नीरेंद्र सिंह राठौर, अभय चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, नेहा कन्नौजिया अंकित शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र यादव, अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र कुर्मी, गोपाल कृष्ण गंगवार, चेयरमैन वीरपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# पीडीए के युवाओं को पीछे धकेल रही बेरोजगारी और शिक्षा का निजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग पटेल ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा का निजीकरण पीडीए वर्ग के युवाओं को पीछे ले जा रहा है। महिला सुरक्षा, आरक्षण और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि इसको लेकर उदासीनता बरती जा रही है। उन्होंने यह बातें शुक्रवार की रात आईएमए हाल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अनीस बेग की ओर से आयोजित की गई पीडीए की महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

महापंचायत में युवाओं की भागीदारी को देखकर कहा कि समाजवादी विचारधारा के समर्थन में बदलाव का संकेत है। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बूथ स्तर तक जन जागरूकता अभियान चलाएं। घर-घर तक पीडीए की आवाज पहुंचाएं, जिससे सामाजिक न्याय और समानता की नींव को मजबूत किया जा सके।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता डॉ. अनीस बेग ने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं



पीडीए महापंचायत में बोलते कैंट विधानसभा प्रभारी अनुराग पटेल।

● महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रभारी अनुराग ने भाजपा पर साधा निशाना

● पीडीए की महापंचायत में इस वर्ग की आवाज को निर्णायक बनाने का प्रस्ताव

भी इन वर्गों से दूर की जा रही हैं। अंत में प्रस्ताव पारित हुआ, जिसमें कहा गया कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पीडीए वर्ग की आवाज को निर्णायक बनाया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश पाल, समाजसेवी बृजेश श्रीवास्तव, रणवीर सिंह जाटव, महिला सभा की अध्यक्ष स्मिता यादव, राजेश्वरी यादव, श्यामवीर सिंह यादव, सुभाष चंद्र गुर्जर, जितेंद्र मुंडे, राम सेवक प्रजापति, संजीव कश्यप, सम्राट अनुज मौर्य, नीटू कश्यप, रमेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उधर, इससे पहले जोन 3 और 4 में सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक कर कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग पटेल ने बूथ प्रबंधन पर जोर दिया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि जनता भाजपा की साजिशों को समझ चुकी है। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, जोन प्रभारी समयुन खान, मो. वसीम, संजय वर्मा, नाजिम कुरैशी, धीरज, पार्षद सनी मिर्जा, पूर्व पार्षद फिरदौस अंजुम मौजूद रहे। प्रभारी ने पार्टी कार्यालय पर प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और उनके विधानसभा अध्यक्षों के साथ बैठक की। सोशल मीडिया की टीम बनाकर महानगर संगठन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## आडिटोरियम संचालन के लिए निजी एजेंसी को सौंपा जाएगा

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कालेज में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से बने आडिटोरियम के संचालन के लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। एक दिन का 56 हजार रुपये किराया होने के कारण काफी कम संख्या में लोग इसकी बुकिंग कर रहे हैं। इसको देखते हुए स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी ने यह फैसला लिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी करने में अफसर जुटे हैं।

● टेंडर प्रक्रिया पूरा करने में जुटे अधिकारी

इस अत्याधुनिक आडिटोरियम में 400 से अधिक लोगों के बैठने की सुविधा है। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली ऑडियो-विजुअल प्रणाली, वातानुकूलित हॉल, ग्रीन रूम, पार्किंग और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक आडिटोरियम का संचालन स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के अधीन था, लेकिन तकनीकी रखरखाव और व्यावसायिक उपयोग में कमी के चलते इसकी उपयोगिता सीमित रह गई थी। अफसरों के अनुसार निजी एजेंसी को संचालन सौंपने से इसकी क्षमता का अधिकतम उपयोग हो सकेगा। टेंडर प्रस्ताव के अनुसार, एजेंसी का चयन पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

### डीआईजी ने पैदल गश्त कर परखी कानून व्यवस्था



**बरेली,अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा से एक दिन पहले शुक्रवार की रात को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने अधीनस्थों एसपी सिटी मानुष पारीक और शहर के तीनों सर्किल के सीओ के साथ शहर में पैदल गश्त की। इस दौरान डीआईजी ने लोगों से वार्ता की और कानून व्यवस्था का हाल जाना। डीआईजी ने नगर क्षेत्र के थाना बारादरी, कोतवाली व किला क्षेत्र के किला क्रासिंग, बडा बाजार, कुतुबखाना, बांसमंडी, साहू गोपीनाथ, सैलानी, मीरा की पैंठ, शाहदाना, कांकरटोला, हजियापुर चुंगी, नवादा शेखान, पुराना शहर, एजाज नगर गौटिया आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त की। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव, सीओ द्वितीय अजय कुमार, पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान मौजूद रहे।

### जिला कारागार में रोपे 51 से अधिक पौधे




**बरेली, अमृत विचार :** बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर ''एक पौधा मां के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कारागार और केंद्रीय कारागार-2 परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर 51 से अधिक पौधे रोपे। अशोक, पाम, नीम, आम एवं अमरूद सहित कई किस्मों के पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र, जेलर शैलेश सिंह, डिप्टी जेलर देव दत्त और जेल वार्डर सागर नागर, अमित अत्री, विकास कटियार, रविन्द्र कपासिया एवं सुशील भारद्वाज ने पौधे रोपे। संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। संस्था की सदस्य नीति सिंह, मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी, रामवीर सिंह, सौरभ सिंह चौहान, अभिषेक यादव, शिव ओम, नीति सिंह, सुरजीत सिंह और देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# जब तक आप नौकरी में रहेंगे याद रहेगा यह सम्मान : संतोष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने शुक्रवार शाम बरेली क्लब में वोकेशनल आवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रहे। उन्होंने रेलवे के अभय कुमार, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी जितेंद्र यादव, सीएफओ चंद्र मोहन शर्मा, साइबर थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी, एसबीआई के प्रवीण मेहरा, कैंट थाने की सब इंस्पेक्टर कुमारी कोमल, कमिश्नरी के वरिष्ठ सहायक


सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार।

राहत अली, महिला ट्रैफिक सिपाही कुमारी पूजा, बिजली विभाग के सुरेश पाल, माडल टाउन चौकी प्रभारी कुशल पाल सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर ब्रजेश कुमार को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि समाजसेवा के कार्यों के साथ राजकीय सेवा में कार्य करने वालों को सम्मानित करना अच्छा कार्य है।

सम्मानित होने से व्यक्ति विशेष और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को और अच्छे तरीके से करने का प्रयास करता है।

● रोटरी क्लब ऑफ बरेली की वोकेशनल अवार्ड सेरेमनी में अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

सम्मानित हुए सभी लोगों से कहा कि जब तक आप नौकरी में रहेंगे, यह सम्मान याद रखेंगे। चीफ क्लब ट्रेनर डॉ एके चौहान, अध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल, सचिव शरद मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, राजेन विद्यार्थी, अंशु अग्रवाल, पंकज श्रीवास्तव, एएस अग्रवाल, मनीष गोयल, सीएस निधिअग्रवाल, जया मेहरोत्रा समेत तमाम रोटेरियन मौजूद रहे।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगी चारू

**बरेली, अमृत विचार :** नेपाल के काठमांडू में 12 और 13 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बरेली कॉलेज की पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष और मुरादाबाद के गोकुल दास हिंदू महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. चारू मेहरोत्रा सह-संयोजक के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह सम्मेलन एमआईटी केएमसी प्रेमिसिस, काठमांडू में संपन्न होगा। वह सम्मेलन में वक्ता के रूप में स्वागत भाषण देंगी। कार्यक्रम में नेपाल के उप राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर गोकुल दास हिंदू महिला महाविद्यालय, मुरादाबाद एमआईटी केएमसी प्रेमिसिस, काठमांडू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा।

### स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**बरेली, अमृत विचार :** 1 जून से 4 जून तक 26 वी प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शूटिंग रेंज के तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया और स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। कोच मिसरयार ने बताया कि रुविवि की एमएससी की छात्रा कशिश यादव ने 329/400, रुद्रांश प्रजापति ने 321/400, सम्राट ने 332/400 स्कोर के साथ क्वालीफाई किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केपी सिंह, कीड़ा सचिव प्रो एसएस बेदी, डॉ. विजय सिन्हाल, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. इरम और तपन वर्मा, रामप्रीत ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# गंभीर हालत में रेफर की बच्ची, जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बचाई जान

## बदायूं में सोमवार को सड़क हादसे में गंभीर घायल हुई थी 13 साल की बच्ची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदायूं मेडिकल कॉलेज प्रबंधन चार दिन तक इलाज में करता रहा टालमटोल
- मेडिकल कॉलेज ने गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए किया रेफर

**अमृत विचार :** बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुई बच्ची के इलाज में लापरवाही का मामला फिर उजागर हुआ। सड़क हादसे में गंभीर घायल हुई बच्ची के ऑपरेशन के लिए चार दिन तक डॉक्टर टालमटोल करते रहे, जब उसकी हालत गंभीर हो गई, तब उसे हायर सेंटर रेफर करने की जगह बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने बच्ची का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई।

गंभीर हालत में बदायूं निवासी 13 साल की बच्ची दिव्या बीती गुरुवार को देर रात जिला अस्पताल पहुंची तो यहां फौरन बच्ची की जांच की गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन थियेटर में बच्ची को शिफ्ट कर डा. रमेश दीक्षित ने एनेस्थीसिया दिया और वरिष्ठ सर्जन डॉ. एमपी सिंह के नेतृत्व में डॉ. अंजली सोनी, डॉ. मुग्धा शर्मा ने सूझ-बूझ के साथ बच्ची का सफल ऑपरेशन किया। इसमें स्टाफ नर्स भावना का भी सहयोग रहा। वरिष्ठ सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि सड़क हादसे के चलते बच्ची के शरीर के अंदर मौजूद स्प्लीन जिसका आकार महज 7 से 8 सेमी. होता है इसमें ब्लड भर जाने के कारण करीब दो किलोग्राम का हो गया था। अगर बच्ची का फौरन ऑपरेशन नहीं किया जाता तो बच्ची की मौत भी हो सकती थी।



जिला अस्पताल में भर्ती बच्ची और मौजूद स्टाफ व परिजन।

### नन्हे को मिली पीएचडी की उपाधि

**बरेली, अमृत विचार:** राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. मनमीत कौर के निर्देशन में शोधार्थी नन्हे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. अर्चना गिरी, डॉ. रमेश त्रिपाठी, चौधरी चरण सिंह, प्रो. प्रतीत, प्रो. गौतम वीर, पवन गौतम, अर्जुन पाराशरी, अमीषा, अमित कुमार डॉ मिननी यादव, मनोनीत सिंह, रिफा तबस्सुम आदि मौजूद रहे।

# आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दिनेश गोयल

## कहा, उद्योगों को चलाने में आ रही अड़चनों को दूर कराकर औद्योगिक विकास को दी जाएगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- औद्योगिक माहौल बनाने को अच्छी भावना के साथ करेंगे काम
- बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगे

**अमृत विचार :** जिले के निवासी दिनेश गोयल को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया है। अभी तक वे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने सभी सदस्यों को साथ लेकर समस्याओं को दूर कराना पहली प्राथमिकता बताई।

आईआईए की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की शुक्रवार को लखनऊ स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। आईआईए के चुनाव अधिकारी की ओर से वर्ष 2025-26 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का परिणाम घोषित किया। इसमें सर्वसम्मति से आईआईए के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल को संस्था का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। इसकी घोषणा होते ही बरेली से बड़ी संख्या में गए उद्यमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने शुभकामनाएं दी। नई और बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि, उद्यमियों और औद्योगिक इकाइयों को चलाने में कई तरीके की समस्याएं हैं, जिनसे वे भलीभांति वाकिफ है। इन समस्याओं का निस्तारण और सभी सदस्यों को अच्छी भावना के साथ लेकर चलना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई को लेकर जो समस्याएं उद्यमियों के सामने हैं, उनका हर हाल में निस्तारण कराएंगे। आयात-निर्यात पर भी जोर रहेगा। सरकारी स्तर से जो भी अड़चनें आती हैं, उन्हें भी दूर कराया जाएगा। सभी के साथ और सहयोग से आईआईए को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास रहेगा। औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश के साथ ही बरेली मंडल को लेकर उनका जोर ज्यादा रहेगा। नए उद्योगों को स्थापित कराने के लिए भी प्रयास करेंगे।

बरेली से पहली बार किसी शख्स को राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने से चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, सचिव रजत मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष सलिल बंसल, डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, डिवीजनल सचिव मनोज पंजाबी, नीरज गोयल, धनंजय विक्रम सिंह, अभिनव अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, पावन अग्रवाल, ऋषभ दीक्षित आदि ने खुशी व्यक्त की है।




राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद लखनऊ में पदाधिकारियों के साथ मौजूद दिनेश गोयल।

### 38 साल में तय किया सदस्य से अध्यक्ष बनने का सफर

आईआईए में राष्ट्रीय अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी पाने वाले उद्यमी दिनेश गोयल का संस्था से पुराना नाता है। बताया जाता है कि करीब 38 साल से वे संस्था के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 1987 मे बतौर सदस्य संस्था में शामिल हुए। इसके बाद अलग-अलग वर्किंग कमेटियों में बतौर चेयरमैन का दायित्व संभाला। डिवीजनल चेयरमैन भी रहे। इसके अलावा सेंट्रल कमेटी में भी अलग-अलग पदों पर रहे हैं। चार साल पहले राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिली थी। इसके बाद पिछले दो साल से राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर आसीन थे। रामा श्यामा पेपर मिल समेत कई सेक्टर में कारोबार है। बरेली के पांच प्रमुख उद्यमियों में दिनेश गोयल का नाम शामिल है।

### बरेली कालेज : डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज के सेल्फ फाइनेंस निदेशक प्रो एपी सिंह ने बताया कि सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रम स्ववित्तपोषित (सेल्फ फाइनेंस) योजना के तहत संचालित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक दक्षता से लैस करना है।

प्रवेश के लिए मेरिट तैयार कर कट-आफ जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन डिप्लोमा कोर्सेस के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें कंप्यूटर एप्लीकेशन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पीजी डिप्लोमा इन फोटोग्राफी, डिप्लोमा इन मॉर्डन अरेबिक, डिप्लोमा इन डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइनिंग आदि शामिल हैं। ये कोर्स एक वर्ष की अवधि के हैं और इनकी पढ़ाई नियमित कक्षाओं के माध्यम से होगी। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र, फोटो और निर्धारित शुल्क संलग्न करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि जल्द कॉलेज की वेबसाइट जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ये डिप्लोमा पाठ्यक्रम युवाओं को कम समय में व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने में सहायक होंगे और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकेंगे।



## सार-संक्षेप

### बीइंग अलाइव अकादमी ने मनाई पहली वर्षगांठ




**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षा में उत्कृष्टता के एक वर्ष पूरे होने पर बीइंग अलाइव अकादमी ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाई। मुख्य अतिथि क्राइम ब्रांच के डिप्टी एसपी बाबर रजा जैदी, डिप्टी एसपी एंटी-करप्शन यशपाल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि अंकिता भाटिया और तमालिका रहीं। अतिथियों ने 200 से अधिक छात्रों को मुफ्त नीट कोचिंग प्रदान करने के अकादमी के मिशन की सराहना की। बीइंग अलाइव फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सबीन अहसन और वेदान ग्रुप के सीएमडी डॉ. अमीद मुराद ने शिक्षकों और छात्रों के अटूट समर्पण की सराहना की। आलम (एचओडी बायोलॉजी), अनुराग, शिवम, संजय और काशिफ (एचओडी फिजिक्स) के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिन्हें सम्मानित किया गया। अकादमी ने परिसर के बाहर राहगीरों को शरबत बांटा। छात्रों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सफाई अभियान में भी भाग लिया।

### अटेवा के पदाधिकारियों ने पौधे रोपे




**बरेली, अमृत विचार :** अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार के आह्वान पर जिले के सभी शिक्षक कर्मचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सरकारी कार्यालय और घरों के आसपास पौधरोपण किया। इस दौरान पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ अपनी पुरानी पेंशन बचाने का प्रण लिया। जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीष कुमार गंगवार के नेतृत्व में शिक्षक और कर्मचारियों ने छायादार पौध लगाए और उसकी देखभाल करने की शपथ ली। इस दौरान एक पेड़ बेहतर पर्यावरण के लिए, एक पेड़ शानदार जनजीवन के लिए, एक पेड़ शानदार संघर्ष के नाम, एक पेड़ अपनी पुरानी पेंशन के नाम के नारे के लगाए। जिला महामंत्री रूप किशोर व जितेन्द्र श्रीवास्तव, जिला संयोजिका पुष्पा गंगवार, जिला सांस्कृतिक प्रभारी प्राची शर्मा, आलमपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश्वरी मौर्य, जिला महामंत्री रूप किशोर, जिला संयुक्त मंत्री जितेंद्र श्रीवास्तव, कृष्णा राठौर, मनोज कुमार, जसवीर सिंह, देवेंद्र कुमार, हितेश सिंह आदि ने पौधरोपण किया।

### बाबा श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**बरेली, अमृत विचार :** श्री शिरडी साई खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर शहामतगंज में शुक्रवार शाम निर्जला-एकादशी पर बाबा श्याम का श्रृंगार बेंगलुरू और कलकत्ता के फूलों से किया गया। कीर्तन के बाद मेवा खीर का वितरण किया गया। गायक, अभिराज सिंह, नीरज गौतम, मारुति नंदन शर्मा, प्रियंका चौहान, सोनल चंचल ने भजनों से बाबा श्याम का गुणगान किया। महंत पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार किया गया। संजय आयलानी, अनुपम टीबडेबाल, उमाशंकर ऐरन, सबिता अग्रवाल, अनूप मिश्रा, भावना अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, बेनीराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली- लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरीदपुर में स्थित टोल प्लाजा पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य रहे। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ चौरसिया ने बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। मैनेजर टेक प्रशांत वाजपेयी, टोल मैनेजर बॉबी, अश्वनी चौहान, दीपक, रामआसर पांडेय, विकास आदि मौजूद रहे।

# हर सनातनी बच्चे को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा दें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संजय नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को आचार्य रमाकांत दीक्षित ने कहा कि मोबाइल का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए, क्योंकि इसका अत्यधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। आजकल के बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताते हैं और विशेष रूप से रील्स देखने में रुचि रखते हैं। यह आदत उनके मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है।

उन्होंने कहा कि सनातनी अपने बच्चों को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा दें। शास्त्र से तात्पर्य है धर्म, संस्कृति और ज्ञान की शिक्षा, जिससे बच्चे अपने मूल्यों और परंपराओं को समझ सकें। वहीं, शस्त्र का अर्थ है आत्मरक्षा और साहस की भावना विकसित करना। अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिए दोनों ही आवश्यक हैं। अरविंद अग्रवाल, आचार्य रामस्वरूप मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, विवेक मित्तल आदि मौजूद रहे।



कथा में बोलते रमाकांत दीक्षित।

- संजय नगर में चल रही कथा में बोले आचार्य रामाकांत दीक्षित

# छात्र पर्यावरणीय मुद्दों और चुनौतियों से हुए रूबरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में वैश्विक शिक्षाविदों की ऑनलाइन सहभागिता रही
- दूसरे दिन 30 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए, विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शुक्रवार को 21 वीं सदी में पर्यावरणीय मुद्दे एवं चुनौतियां के विषय पर केन्या, स्वीडन, स्लोवाकिया, इथियोपिया और हंगरी समेत कई देशों के शिक्षाविदों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। 30 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए।

कराटिना विश्वविद्यालय केन्या के डॉ. अमोस वाविरे ने शिक्षाशास्त्र और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में पर्यावरण की भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से जागरूक किया। स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज स्वीडन डॉ. जेनी जोस ने कृषि विज्ञान, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर विचार रखे। कोमेनियस विश्वविद्यालय, स्लोवाकिया के डॉ. प्रतीक दोषी ने पर्यावरणीय नीतियों और जैव विविधता संरक्षण पर शोध कार्य में सक्रिय हैं। उन्होंने तकनीकी दृष्टिकोण से सम्मेलन को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। अदीस अबाबा साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी इथियोपिया के डॉ. त्सेदेकेच गेब्रेमेसकेल ने पर्यावरणीय प्रबंधन और सतत विकास जैसे विषय पर विचार रखे।

हंगेरियन यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड लाइफ साइंसेज, हंगरी की डॉ. सृष्टि चौहान ने कृषि नवाचार, सतत खेती और खाद्य सुरक्षा के बारे में जानकारी साझा की। रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डॉ. समीर चंद्र और आईवीआरआई के डॉ. रवि गंगवार ने पर्यावरणीय शोध की आवश्यकता और नई चुनौतियों पर विचार रखे। समापन पर इमर्जिंग रिसर्चर अवॉर्ड अंजलि, आफरी जुल्फिकार, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, हर्षित तिवारी और मंजीत कुमार को, टेक सपोर्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड अभिषेक गौतम, नितिन कुमार, दिनेश कुमार और प्रदीप कुमार को प्रदान किया गया। पर्यावरणीय स्वच्छता में उत्कृष्ट योगदान पुरस्कार रामवीर शर्मा (पर्यावरण बाबा) को मिला। बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन के लिए मानसी गुप्ता को, जबकि बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन का पुरस्कार प्रियांशी पुष्पक, रोहित मौर्य और प्रदीप कुमार को मिला। आउटस्टैंडिंग वॉलेंटियर अवॉर्ड निकिता त्रिपाठी को एवं मैनेजमेंट अवार्ड माहिर नजीम को प्रदान किया गया। आयोजन सचिव डॉ. जसपाल सिंह को उनके उत्कृष्ट समन्वय और नेतृत्व के लिए विशेष आभार प्रकट किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक प्रो. एपी सिंह, निष्ठा सेठ, अनामिका अग्रवाल, एसोसिएट प्रो. गौरव भूषण आदि मौजूद रहे।




संगोष्ठी में डॉ. सुशील टंडन को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार



रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ पर सनातन धर्म मंदिर से कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भागवत कथा आरंभ

**बरेली, अमृत विचार :** माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। इससे पहले सनातन धर्म मंदिर से श्री रामायण मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। रामनगर से आए आचार्य शशांक भारद्वाज के सानिध्य में कथा शुरू हुई। कुक्की अरोड़ा, उत्कृष्ट अरोरा, हार्दिक, मुकेश सांवरिया, अनिता गोस्वामी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मंदिर समिति के सचिव नवीन अरोड़ा ने बताया कि यह कथा 12 जून तक चलेगी। कथा प्रतिदिन सायं 6:30 से 9:30 बजे तक होगी।

### प्रभु श्रीराम के चरण पाकर धन्य हुए केवट

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि जब केवट ने भगवान राम को गंगा के पार किया, तब प्रभु राम ने उसे मजदूरी देना चाह पर केवट ने हाथ जोड़ लिए और कहां मेरी मजदूरी तो मुझे मिल गई। कहा, प्रभु आपके परम पावन चरण पाने के लिए ऋषि मुनि अनेक प्रयत्न करते हैं, आपने वही चरण कृपा पूर्वक मुझे प्रदान कर दिए, अब मुझे क्या पाना बाकी रह गया। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, जतिन दुआ, हरीश लुनियाल आदि मौजूद रहे।

### रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में गोष्ठी आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में अटलजी का भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंध एवं विदेश नीति में योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. संध्या सक्सेना ने अटलजी के कुशल नेतृत्व और उनकी दूरदर्शी विदेश नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि किस प्रकार उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई। गोष्ठी में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्य प्रो. संध्या रानी शाक्य, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार मौजूद रहे।

# गीतकार दीवाना को कुमुद साहित्य शिरोमणि सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** साहित्यकार ज्ञान स्वरूप 'कुमुद' स्मृति सम्मान समिति की ओर से शुक्रवार को कुमुद- जयंती पर लोक खुशहाली सभागार में डॉ. महेश 'मधुकर' की काव्य कृति द्वय का लोकार्पण, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

अध्यक्षता रामपुर के वरिष्ठ साहित्यकार जितेंद्र कमल आनंद ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी रहे। संचालन कवयित्री किरन प्रजापति दिलवारी ने किया। साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ नव गीतकार रमेश गौतम, रामपुर से आए वरिष्ठ गीतकार शिव कुमार 'चंदन' एवं वरिष्ठ हास्य व्यंग्यकार पीके 'दीवाना' को 'कुमुद' साहित्य शिरोमणि सम्मान से विभूषित किया गया। साहित्यकार इंद्रदेव त्रिवेदी ने कुमुद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। महासचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, दिलीप कुमार अग्रवाल, दीपक मुखर्जी 'दीप', महेंद्र पाल सिंह राही, सत्यपाल सजग (पीलीभीत), राम रतन यादव (खटीमा), राजवीर सिंह राज (रामपुर) आदि मौजूद रहे।

- कुमुद जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित



कार्यक्रम में काव्य कृति द्वय का लोकार्पण करते साहित्यकार। ● अमृत विचार

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

# 163 ग्राम पंचायतें नहीं दे रहीं परिवार रजिस्टर

## आठ ब्लॉकों की कई ग्राम पंचायतों ने नहीं दिए परिवार रजिस्टर, सात ब्लॉकों में सभी पंचायतों ने सौंपे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवार रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराने से ऑनलाइन करने में हो रहा विलंब
- परिवार रजिस्टर की नकल के लिए काटने पड़ते हैं सचिव के चक्कर

**अमृत विचार :** लोगों की मुश्किलों को आसान करने के लिए ऑनलाइन किए जा रहे परिवार रजिस्टर को लेकर कई ग्राम पंचायतों में प्रक्रिया काफी सुस्त चल रही है।

स्थिति है कि डेढ़ साल से ज्यादा का वक्त गुजरने के बाद भी जिले की करीब पौने दो सौ ग्राम पंचायतें परिवार रजिस्टर नहीं उपलब्ध करा सकी हैं।, इससे काम में देरी हो रही है। सात ब्लॉकों की स्थिति अच्छी है। यहां की सभी ग्राम पंचायतों ने रजिस्टर उपलब्ध करा दिए हैं। जिले की 1188 ग्राम पंचायतों में अभी परिवार रजिस्टर की नकल ऑफलाइन मिलती है। रजिस्टर ग्राम पंचायतों के सचिवों के पास रहते हैं। जरूरत पड़ने पर लोगों को सचिवों के पास नकल निकलवाने के लिए जाना पड़ता है। सचिवों के इधर-उधर होने से लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ती है। समस्या को दूर करने के लिए शासन के आदेश पर करीब डेढ़ साल पहले परिवार रजिस्टर की नकल ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। ब्योरा ऑनलाइन करने के लिए आरसीयूईएस लखनऊ एजेंसी का चयनित है। एजेंसी के लोगों की ओर से से ग्राम पंचायतों में बैठकें कर तय प्रारूप पर ही परिवार रजिस्टर उपलब्ध कराने के लिए कहा है, लेकिन अभी तक सभी 1025 ग्राम पंचायतें ही परिवार रजिस्टर को एजेंसी को सौंप दिया है। एजेंसी परिवार रजिस्टर को स्कैन कर ब्यौरा ऑनलाइन करने का काम कर रही है, लेकिन 168 ग्राम पंचायतों ने परिवार रजिस्टर अभी नहीं उपलब्ध कराया है।

> सभी पंचायतों से परिवार रजिस्टर एजेंसी को देने के लिए निर्देश हैं। इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। 86 फीसदी पंचायतों ने रजिस्टर दे दिए हैं। बाकी जगहों से प्रयास करके जल्द उपलब्ध कराए जाएंगे।
>
> –कमल किशोर, डीपीआरओ

### परिवार रजिस्टर देने की ब्लॉकवार स्थिति

जिला पंचायती राज विभाग की ओर से तैयार कराई जा रही रिपोर्ट के अनुसार, मझगवां ब्लॉक की 84 में से 34, फतेहगंज पश्चिमी की 67 में से 41, बिथरी चैनपुर में 74 में से 56, मीरगंज में 67 में से 51, नवाबगंज में 105 में से 80, रामनगर में 59 में से 49, बहेड़ी में 108 में से 97, भुता में 92 में से 85 ग्राम पंचायतों ने परिवार रजिस्टर उपलब्ध करा दिए हैं।

### इन ब्लॉकों की सभी पंचायतों ने दिए रजिस्टर

एजेंसी को परिवार रजिस्टर उपलब्ध कराने के लिए डीपीआरओ कमल किशोर लगातार प्रयास कर रहे हैं। नियमित समीक्षा भी करते हैं। इसी का नतीजा है कि आलमपुर जाफराबाद में सभी 92, भदपुरा में 79, भोजीपुरा में 77, दमखोदा में 73, फरीदपुर में 78, क्यारा में 44, शेरगढ़ में सभी 89 ग्राम पंचायतों ने परिवार रजिस्टर उपलब्ध करा दिए हैं।

## लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए चलेगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** डीजीपी के निर्देश पर विवेचनाओं के निस्तारण के लिए 26 जून तक अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में निर्देशित किया है।

एसएसपी ने बताया कि विवेचनाओं के निस्तारण के लिए पिछले माह 16 मई से 15 दिन का अभियान चलाया गया था। इसके बाद भी काफी विवेचनाएं लंबित हैं। इनके निस्तारण के लिए अब दोबारा अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि तय समय में यदि विवेचाओं का निस्तारण नहीं होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी के निर्देश के बाद सभी थाना प्रभारी अभियान की तैयारी में जुट गए।

## स्टे के बाद भी शुरू कराया निर्माण, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का भी आरोप
- डिप्टी सीएम के निर्देश के बाद दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने एसडीएम कोर्ट के स्टे आर्डर के बाद भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया। दूसरे पक्ष ने जब विरोध किया तो दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने छह नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि जमीन को लेकर उनका विवाद गांव के ही हसीन मोहम्मद, बुंदन, बबुए, पप्पू, बबलू तांगे वाला और मझले से चल रहा है। इसका मुकदमा एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने 19 मई 2025 तक दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। 15 मई 2025 को सुबह करीब 6 बजे हसीन मोहम्मद, बुन्दन, बबुए, पप्पू, बबलू तांगे वाला और मझले समेत कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। दबंगों ने बल्ली-फर्रे लगाकर जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने स्टे आर्डर दिखाया तो आरोपी बौखला गए। जब पीड़िता और उसकी ननद ने विरोध किया तो आरोपियों ने गंदी गंदी गालियां दी और पकड़ने को दौड़े।

पीड़िता और उसकी ननद जब घर में घुस आईं तब आरोपी भी घर में घुस पड़े और मारपीट तथा छेड़छाड़ करने लगे। शोर शराबा होने पर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता थाने गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तब उन्होंने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र भेजकर न्याय की मांग की। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिथरी पुलिस ने आरोपियों समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक हजार रोडवेज कर्मियों को मिलेगा अतिरिक्त वेतन

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अवकाश के दिन काम करने वाले रोडवेज कर्मियों को अतिरिक्त वेतन मिलेगा। बरेली रीजन के करीब एक हजार रोडवेज कर्मियों को लाभ मिलेगा। दरअसल, आखिरी बार यह अतिरिक्त वेतन 2020 में दिया गया था। कोविड के बाद इसे बंद कर दिया गया। 2020 से अब तक राष्ट्रीय अवकाश 15 अगस्त, 26 जनवरी और दो अक्टूबर पर काम करने वाले कर्मचारियों को डेटा मुख्यालय से मांगा गया है, जिसका ब्योरा विभाग जुटा रहा है।

रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी के अनुसार बरेली रीजन में करीब 900 चालक, परिचालक और संचालन से जुड़े कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व पर कार्य करने वाले कर्मियों के अतिरिक्त वेतन की मांग संगठन ने उठाई थी। कई बार प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।

## साझे में अस्पताल खोलने के बहाने ठगे 29.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीजी के निर्देश पर मां-बेटों के खिलाफ इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी

**अमृत विचार :** पार्टनरशिप में अस्पताल खोलने का झांसा देकर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 29.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला के अलखनाथ रोड निवासी ऋतुराज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2017 में फाईक एंक्लेव निवासी जाहिद अली खां ने मयूरवन चेतना केंद्र के पास जेड प्लस अस्पताल खोला था। जाहिद अली खां ने अस्पताल में पार्टनरशिप के लिए अपने बेटे जैन अली खां, प्रधीर गुप्ता व पीड़ित को पार्टनर बनाया। आश्वासन दिया कि अस्पताल में पीड़ित मेडिकल स्टोर खोल ले। बात तय होने के बाद जाहिद अली खां, जैन अली खां, जुऐब अली खां, जैद अली खां और जरीना अली खां ने पीड़ित से 20 अगस्त 2017 को उनसे बैंक के माध्यम से 24 लाख रुपये और 5.50 लाख रुपये नगद लिए।

रुपये लेने के बाद आरोपियों ने अस्पताल नहीं चलाया। सितंबर 2021 में जाहिद अली खां की मृत्यु हो गई।

इसके बाद 2 फरवरी 2025 को पीड़ित ने जुऐब अली खां, जैद अली खां, जेन अली खां और इनकी मां जरीना से रुपये मांगे। तब आरोपियों ने रुपये देने से मना कर दिया और झगड़ा करने लगे। एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड का उठाया मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए आयुष्मान कार्ड, बेहतर इलाज की मांग कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष ने शुक्रवार को डिप्टी सीएम के सामने मुद्दा उठाया।

फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह इन दोनों मामलों को लंबे समय से उठा रहे हैं। वह उद्योग बंधु की बैठकों में भी मामले को उठा चुके हैं। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां पर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने उन्हें मांग पत्र सौंपा। पत्र में अध्यक्ष ने कहा फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र नकटिया से फतेहगंज पूर्वी तक 40 किमी तक फ्री होल्ड भूमि पर स्थापित है। यहां पर ढाई सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां हैं, जहां पर श्रमिक और बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं। इन कर्मचारियों के लिए आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था हो।

## एजीएम ने दूसरे दिन लोको शेड का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक डीके सिंह ने दूसरे दिन शुक्रवार को इज्जतनगर मंडल के यांत्रिक कारखाना एवं लोको शेड का निरीक्षण किया।

उन्होंने ने कमीशन किए गए डब्ल्यूएपी-7 विद्युत लोकोमोटिव की उन्नत सुविधाओं जैसे कैब एसी, एचओजी प्रणाली, लोको पायलटों के लिए बेहतर सीटें और अन्य क्रू-सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने एचओजी प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी सुझाव भी दिए।



इज्जतनगर के यांत्रिक कारखाना एवं लोको शेड का अपर महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण।

यांत्रिक कारखाने में पीओएच किए गए यान संख्या 223654 का निरीक्षण कर कार्य को संतोषजनक पाया।

कारखाने में कोच मॉडिफिकेशन कार्य, व्हील शॉप की कार्यप्रणाली और वर्ष 2024-25 में हुए 8488 व्हील सेट आउटटर्न की सराहना की। उप मुख्य कारखाना प्रबंधक शैलेश सिंह ने कार्यों एवं समस्याओं की जानकारी दी। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता टीआरएस योगेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### डीआईओएस ने खेलकूद की गतिविधियां देखीं



**बरेली, अमृत विचार :** डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने शुक्रवार को चौबारी के राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज और आंवला के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की योग, खेलकूद की गतिविधियों को देखा। डीआईओएस ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें बच्चों को पाठ्यक्रम से हटकर जीवन कौशल, रचनात्मकता एवं नेतृत्व का भी प्रशिक्षण मिलता है। डीआईओएस ने दोनों ही स्कूलों में विद्यार्थियों को योग प्राणायाम से होने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही कॅरियर गाइडेंस की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बच्चों से योग और व्यायाम कराए। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने को कहा।

### कैंट विधायक ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया



**बरेली, अमृत विचार :** कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन के हेलीपैड पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का स्वागत किया। इस दौरान वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, पंडित राम गोपाल मिश्रा, अमरीश कठेरिया, बृजेश मिश्रा उपस्थित रहे। भाजपा महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी ने भी डिप्टी सीएम का स्वागत किया।

### वरिष्ठ नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों ने आकांक्षा एन्क्लेव में पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेने के साथ पौधरोपण किया। पर्यावरणविद् प्रो. केए वार्ष्णेय ने कहा कि पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, जो जीवन की रक्षा करती है। महासचिव एडवोकेट बीके कोचर, डॉ. आर के टंडन, डॉ. वीपी भारद्वाज, डॉ. भारती सिंह, राकेश वार्ष्णेय, एमसी मल्होत्रा, पीएस अग्रवाल, दिनेश बंसल, डीके गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश आनंद, विवेक मिश्रा, एपी गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### गंगापुर में नाला चोक होने से लोग परेशान



**बरेली, अमृत विचार :** शहर के गंगापुर में नाला चोक होने के कारण जलभराव से लोग परेशान है। सड़क पर पानी आने से आवाजाही में लोगों को दिक्कत हो रही है। इसकी शिकायत नगर आयुक्त से की गई है। नाले पर अतिक्रमण से वार्ड 64 सिकलापुर और वार्ड 60 गंगापुर में नाला चोक आने से जलभराव हो गया है। पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने बताया कि गंगापुर के नाले का पानी, आजाद मंदिर रोड के रास्ते एलन क्लब नाले में जाता है, मगर सिकलापुर में कई जगहों पर नाले पर अतिक्रमण होने के कारण पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। नाला चोक हो गया है। पानी सड़क पर बह रहा है। इस वजह से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। नाला साफ कराने और अतिक्रमण हटाने की शिकायत की गई है।

## स्कूल से सौ गज के दायरे में नहीं बेच सकेंगे नशीले पदार्थ

- एसएसपी ने थाना प्रभारियों को रोकथाम के दिए निर्देश
- जिले में 9 से 23 जून तक चलाया जाएगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल और कॉलेजों के बाहर सौ मीटर के दायरे में कोई भी दुकानदार नशीले पदार्थ नहीं बेच सकेगा।

एसएसपी के निर्देश पर रोकथाम के लिए 9 से 23 जून तक अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्रों के दुकानदारों को निर्देशित करें और शैक्षिक संस्थानों के आसपास से बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू व पान मसाला की दुकानें हटवाएं। इसके लिए एसएसपी ने प्रारूप भी तैयार किया है। 18 वर्ष से कम आयु के किशोर को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू या कोई अन्य नशीला पदार्थ भी दुकानदार नहीं बेच सकेंगे।

## राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने विधायक के घर पहुंचकर पिता को दी श्रद्धांजलि



डॉ. राघवेंद्र शर्मा के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

**बरेली, अमृत विचार :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित काफी संख्या जनप्रतिनिधि और मंत्री बिथरी चैनपुर के विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा के पिता कौशल किशोर शर्मा की तेरहवीं के दिन शुक्रवार को बदायूं रोड स्थित खुशहाली पर पहुंचे। जहां पर विधायक के पिता के चित्र पर फूल-माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण कुमार पहुंचे। जहां पर उन्होंने विधायक डा राघवेंद्र शर्मा को ढांढस बंधाते हुए उनके पिता के निधन पर शोक जताया। इसके बाद झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे और काफी समय तक रुके रहे। सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला अध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष बरेली सोमपाल शर्मा, रामगोपाल मिश्र, अमित शर्मा, डॉ प्रमेंद्र महेश्वरी, डॉ. विमल भारद्वाज, सोमेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गन्ने को लाल सड़न रोग से बचाने के लिए करें दवा का छिड़काव

**बरेली, अमृत विचार :** गन्ने के रेड रॉट लाल सड़न समेत कई अन्य रोग के प्रकोप को लेकर गन्ना विभाग ने अलर्ट जारी किया है। रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समस्त गन्ना परिक्षेत्रों को एडवाइजरी जारी करते हुए गन्ना अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने निर्देशों में कहा है कि किसानों को लाल सड़न रोग, गुलाबी चिकटा रोग, जड़बेधक, कंडुटा, उकठा रोग और कीटों से निपटने के लिए जागरूक किया जाए, जिससे किसानों को नुकसान न हो।दरअसल, प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्रों में गन्ने की फसल में कीट व रोग संबंधी सर्वेक्षण के लिए गन्ना शोध परिषद एवं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया था, उन्होंने फसल को बचाने दवा छिड़काव की सलाह दी।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### किच्छा नदी में मिला युवक का शव

बहेड़ी, अमृत विचार : ट्यूली गांव के पास किच्छा नदी में एक 46 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराके पोस्टमार्टम कराने के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद उमर( 46 ) निवासी ट्यूला के रूप में हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक उमर गुरुवार रात 1:00 बजे घर से लापता हो गया था, उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शराब पिलाकर बाइक रुपये लेकर भागा

बिशारतगंज, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया वह बाइक की किस्त जमा करने जा रहा था, तभी रास्ते में एक जानने वाला मिला उसने शराब पिलाई ।उसके नशे में होने के बाद आरोपी उसकी बाइक और 3800 रुपये लेकर भाग गया। थाना क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी बाबूराम ने बताया वह बाइक की किस्त जमा करने अलीगंज जा रहा था। रास्ते में पेट्रोल पंप पर मानपुर गांव का जानने वाला एक व्यक्ति मिला उसने उसे शराब पिलाई। आरोपी उसकी जेब से 3800 रुपये और बाइक लेकर भाग गया।

### पिता-पुत्री से मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट

सिरौली, अमृत विचार : भैंस को पानी पिलाने जा रही एक सात वर्षीय बच्ची को बाइक ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर बाइक सवार अपने परिजनों को बुला लाए और बच्ची समेत उसके परिजनों से मारपीट की। बच्ची के पिता ने जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करने समेत विभिन्न आरोप लगाकर सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बराथानपुर गांव निवासी देशपाल ने बताया उसकी सात वर्षीय बेटी प्रज्ञा गौतम भैंस को तालाब में पानी पिलाने जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर आ रहे गांव के ही सुनील, तिलक सिंह ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। बेटी के चीखने पर पास खड़े उसके पिता भजनलाल ने बाइक देखकर और धीरे चलाने को कह दिया। इस बात पर वह लोग आग बबूला हो गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चले गए। थोड़ी देर में वह लोग परिवार के रेनू, अनोखे, नन्हे, रोहिताश, खेमपाल, आदि के साथ लाठी डंडे, धारदार हथियार लेकर आ गए और उसके परिवार के साथ मारपीट की।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत, हंगामा

## परिजनों ने लगाया झोलाछाप पर लापरवाही बरतने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, नवाबगंज


झोलाछाप के नर्सिंग होम से जांच कर लौटती टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रसव के दौरान नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्रसूता के परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप महिला ने प्रसव के दौरान लापरवाही बरती, जिससे शिशु की मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम आरोपी झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुंडरा कोठी में चल रहे एक नर्सिंग होम में महिला झोलाछाप ने खुद को स्त्री रोग विशेषज्ञ बताकर एक प्रसूता को प्रसव के लिए भर्ती कर लिया। झोलाछाप कमलेश कस्बे की मुख्य बाजार में क्लीनिक खोल रखा है, जहां अभी न तो मरीज को लेटने के लिए बेड की सुविधा है और न ही जरूरी मशीनें, यहां तक की ऑक्सीजन की भी सुविधा नहीं है, इसके बाद भी वह सर्जरी से प्रसव कराने का दावा करतीं है। गुरुवार को थाना बहेड़ी के गांव गैजरपुर गौटिया मजरा बहादुरगंज निवासी मेहताब पत्नी को अल्ट्रासाउंड कराने के बाद कमलेश को दिखाने ले गए। मेहताब का आरोप है कमलेश ने कहा प्रसव का समय पूरा हो गया है, सब कुछ नॉर्मल है उन्हें कहीं ले जाने की जरूरत नहीं है, वह सामान्य प्रसव करा देंगीं। पूरी रात भर्ती रखने के बाद शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे जब उसने कहा उसकी पत्नी करे छुट्टी कर दे, वह कहीं और प्रसव करा लेंगे। इसके बाद वह बोलीं बस थोड़ी देर इंतजार करो अभी डिलीवरी कराते हैं।आरोप है जबरदस्ती प्रसव कराने में लग गई। करीब 1:00 बजे जब केस बिगड़ गई तो उसने कहा उसे कहीं दूसरी जगह दिखा ले। इससे पहले वह लोग कुछ समझ पाते झोलाछाप ने जबरदस्ती नवजात को खींचकर प्रसव कराया। खींचतान में नवजात की सांसें थम गई। जब परिजनों ने महिला डॉक्टर पर बच्चे की मौत का आरोप लगाया तो वह बौखला गई और परिजनों को ही धमकाने लगी। इस पर परिजनों ने यूपी 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने महिला की गंभीर हालात को देखते हुए एंबुलेंस से सीएचसी रिछा भिजवाया। वहीं नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। वहीं मेहताब सिंह ने झोलाछाप कमलेश पर कार्रवाई के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रिछा को शिकायती पत्र दिया। वहीं झोलाछाप ने बताया वह एक निजी अस्पताल में नर्स रह चुकी है, अब अपना नर्सिंग होम चला रही है।

**नहीं दिखा सकीं डिग्री**

सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक रतन यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। महिला डॉक्टर की डिग्री की जांच की जाएगी अगर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं मिला तो महिला डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर आरोपी झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मांगने पर वह कोई भी डिग्री नहीं दिखा सकी, पूछताछ की गई है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## दोस्तों को खाना न मिलने पर दूल्हे ने किया बवाल

गुलड़िया, अमृत विचार: बरातियों को खाना नहीं मिलने पर दूल्हे ने जमकर बवाल मचाया, रात भरा दोनों पक्षों में विवाद चलता रहा । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर विवाह कराया।

गुरुवार रात को नौगामा गांव से भगवान दास के लड़के शेर सिंह की बरात मुगलपुर प्रथम में आई थी। दूल्हे के दोस्तों को खाना न मिलने पर वह भड़क गया और हंगामा करने लगा। दरअसल उसके दोस्तों ने कोल्डड्रिंक में शराब पिला दी, जब उसके दोस्तों को खाना नहीं तो वह अपशब्द कहने लगा। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता चला गया। रात भर एक दूसरे को मनाने में लगे रहे, इसी दौरान दूल्हे ने गुस्से में आकर अपने कपड़े तक फाड़ दिए। सुबह कन्या पक्ष के लोगों ने बड़ागांव पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को बड़ागांव चौकी ले आई और वहां पर भी कई गांव के ग्रामीण व प्रधान इकट्ठा हो गए और कई घंटे तक पंचायत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ और दोपहर में विवाह की रस्में पूरी हुई।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे विभिन्न गतिविधियां



शेरगढ़, अमृत विचार : ब्लॉक के कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थी गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण कौशल सीख रहे हैं। बीईओ मुकेश कुमार भारती ने बताया ब्लॉक के कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर कैंप में योग, सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल कौशल विकास, पर्यावरण विज्ञान, राष्ट्रीय एकता, जल संरक्षण आदि समेत विभिन्न क्रियाकलापों की गतिविधियों के माध्यम से प्रेरक जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है। समर कैंप में प्रभारी संजीव कुमार, धर्मवीर, पीएस सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, सोमपाल, राजेश कुमार, सुषमा कश्यप, वीर सिंह आदि समेत शिक्षक मौजूद रहे।

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



मीरगंज, अमृत विचार : सपा विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार के नेतृत्व में सपाइयों ने एसडीएम तृप्ति गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। सपाइयों ने बताया कोटे की दुकान को डीलर ना चला कर कोई अन्य व्यक्ति चल रहा है। आरोप लगाया वह व्यक्ति दुकान पर महिलाओं के साथ बदतमीजी करता है। समय से दुकान भी नहीं खोलता आरोप है प्रति राशन कार्ड पर 2 किलो ग्राम कम अनाज देते हैं। सपाइयों ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग की ।ज्ञापन देने वालों में शिवम सक्सेना , रवि गंगवार ,आदेश, राम प्रसाद, तुलाराम, आलम रजा, सरदार हरभजन सिंह, होरीलाल आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण का संरक्षण करना हमारी पहली जिम्मेदारी



भोजीपुरा, अमृत विचार : सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चैयरमैन के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया ।इस वर्ष की थीम "हमारा पर्यावरण, हमारी जिम्मेदारी" को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण की भावना को जागृत किया ।कॉलेज के चैयरमैन डॉ हरिशंकर गंगवार ने कहा धरती माता को बचाना हम सब की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए धरती पर पौधे लगाना हमारा परम कर्तव्य है ।चेयरमैन के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य काविन्दर सिंह राठौर ने सभी स्टाफ के साथ विभिन्न औषधीय, पुष्पीय एवं छायादार पौधे लगाए। प्राचार्य ने सभी छात्रों को पौधों के महत्व की विस्तार पूर्वक जानकारियां दीं ।इस अवसर पर डॉ संदीप गंगवार, त्रिवेंद्र गंगवार ,डॉ. विपेंद्र कुमार, विकास गुप्ता , प्रियंका आर्य, हिमनेश राठौर व छात्र आदि मौजूद रहे ।

### भागवत कथा में निकाली श्रीराम दरबार की झांकी



शेरगढ़ ,अमृत विचार : क्षेत्र के घाटगांव स्थित काशी दास मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को श्रीराम दरबार की भव्य झांकी निकाली गई। जो गांव मानपुर पूर्वी, पहाड़पुर, गौंटिया रहमतनगर, घाटगांव में भ्रमण करती हुई बाबा काशी दास मंदिर पर समाप्त हुई। महंत मनोज नाथ ने बताया रविवार को समापन के अवसर पर श्रीराम दरबार प्रतिमा की घाटगांव स्थित बाबा काशी दास मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर अनुज कुमार सिंह, भोपत सिंह, रामवीर सिंह, पूर्व प्रधान अनिल गंगवार, प्रवेंद्र सिंह, आदित्य सिंह, अंश चौहान, लाल बहादुर सिंह, सुमित सिंह, मान सिंह आदि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कर्मचारियों को सफाई किट शीघ्र दिलाने की मांग



भोजीपुरा, अमृत विचार : ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने बीडीओ कमल कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रमुख रूप से संघ ने राजस्व गांवों में तैनात कर्मचारियों को सफाई उपकरण किट शीघ्र दिलाने की मांग की गई। संघ पदाधिकारियों ने बताया सफाई कर्मचारी कई बार अपने-अपने प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और एडीओ ( पंचायत ) से सफाई उपकरण किट उपलब्ध कराने की मांग कर चुके हैं, किंतु हर बार उन्हें आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। सफाई कर्मचारियों को ब्लॉक स्तर से अथवा ग्राम पंचायत स्तर से सफाई उपकरण किट उपलब्ध न होने की से सफाई नहीं हो पा रह है। बीडीओ ने कहा जिन सफाई कर्मचारियों के पास सफाई उपकरण किट नहीं हैं, वे पुन : ब्लॉक कार्यालय पर लिखकर दे दें कि उनके पास सफाई उपकरण नहीं हैं, शीघ्र ही किट दिलाई जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष हरनारायण राजपूत, महेश बाबू बाल्मीकि, अजय कुमार, राकेश कुमार, इन्द्र पाल सागर, महेश पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।

## रेलवे किनारे झाड़ियों में मिला क्षत-विक्षत शव

संवाददाता, आंवला

● हत्या या हादसा जानने में जुटी पुलिस, चार-पांच दिन पुराना बताया जा रहा शव

अमृत विचार: रेलवे क्रॉसिंग के पास झाड़ियों में एक निर्वस्त्र क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को जानवरों ने नोंचकर खा लिया है, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है।

बरेली चंदौसी रेल मार्ग के नूरपुर गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग से सौ मीटर पूर्व दिशा में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे झाड़ियों में एक नग्न अवस्था में क्षत-विक्षत शव मिला है। पुलिस का मानना है कि शव तीन-चार दिन पुराना हो सकता है। पुलिस शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है, लेकिन चेहरा समेत कोई पहचान न होने के कारण पुलिस के सामने पहचान कराने के लिए चुनौती है। शव का अधिकतर भाग जंगली जानवर नोंचकर खा गये।

पैर का कुछ भाग मिलने से शव पुरुष का प्रतीत हो रहा है। वहीं कुछ लोग शव निर्वस्त्र होने से अवैध संबंधों के चलते हत्या कर शव फेंकने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाने के लिए सूचित किया है। इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि फील्ड यूनिट बुलाई गई है और शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत नामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा जा रहा है। पुलिस इस मामले में हत्या और हादसे दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लाइनमैन से की मारपीट, रिपोर्ट

सिरौली, अमृत विचार : निजी नलकूप की लाइन खराब होने की सूचना पर पहुंचे लाइनमैन की लाठी डंडों से पिटाई की गई।

लाइनमैन ने तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। औरंगाबाद गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह बरसेर विधुत उपकेंद्र पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। दो दिन पहले सुकटिया गांव निवासी वीरेन्द्र ने कॉल कर निजी नलकूप की लाइन खराब होने की सूचना देकर लाइन ठीक कराने को कहा था। वह अपने साथी सोवरन के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचा। वहां पर सुकटिया गांव निवासी वीरेंद्र, सुभाष, धर्मेन्द्र और दो अज्ञात लोग मौजूद मिले। इन सभी पर लाठी डंडे थे। उन्होंने उसे बेरहमी से मारापीटा और फरार हो गए, पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## लापता युवक का नहीं लगा सुराग खेत में मिली बाइक और चप्पलें

संवाददाता, देवरनियां

● परिजन पुलिस के साथ कर रहे तलाश, अनहोनी की आशंका

अमृत विचार : घर से लापता युवक की तलाश में परिजन और पुलिस लगी हुई है, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा है। अलबत्ता रिछा चौकी के पास उसकी खेत में मिली बाइक और चप्पलों ने अनहोनी की आशंका बढ़ा दी है।

रिछा के वार्ड नौ नई बस्ती निवासी वसीम अहमद 4 जून से लापता है। परिजनों के मुताबिक वह बुधवार शाम 8 बजे घर से खाना खाकर बाइक से निकला था, जब वह देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई और तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को वसीम के भाई मोहम्मद तौसिफ ने उसकी गुमशुदगी की सूचना कोतवाली में दर्ज कराई। गुरुवार शाम परिजन तलाश करते हुए रिछा-जहानाबाद रोड किनारे स्थित जब सिंधौरा गांव के पास पहुंचे, तो गांव सिंधौरा स्थित रिछा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप के पास खेतों में लापता वसीम की बाइक और चप्पलें मिली हैं। चौकी पुलिस भी आ गई, मगर वसीम का कोई सुराग नहीं लगा था। शुक्रवार सुबह फिर तलाश की गई, मगर देर शाम तक इस मामले में कोई और जानकारी नहीं मिली थी। खेतों में बाइक और चप्पलों का मिलना अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है, इससे परिजन परेशान है। परिजनों के मुताबिक वसीम रिछा की राइस मिलों पर कट्टे सिलाई का काम करता है, उसका एक लड़का दो वर्ष का है। आठ भाई-बहनों में वह सबसे बड़ा है।

## मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, आंवला

● सीसीटीवी फुटेज से चोर तक पहुंची पुलिस

अमृत विचार: पांच दिन पहले चोर ने मंदिर से अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी की थी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही थी। वहीं गुरुवार देर शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा ठाकुरद्वारा गली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राजीव त्रिपाठी ने बताया 1 जून सुबह करीब 5:35 बजे मंदिर में एक व्यक्ति घुस गया और वह अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी करके थैले में ले गया। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने चोर की तस्वीर को सोशल मीडिया समेत विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। जगह -जगह चस्पा कराने के लिए करीब पांच सौ पंपलेट छपवाए थे। गुरुवार रात आरोपी रामनगर रोड पर टहलता हुआ मिल गया। पहचान के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया, उसकी राजेश कश्यप निवासी संजयनगर बारादरी बरेली के रूप में हुई। उसने मूर्तियां अलीगंज अड्डा स्थित एक कबाड़ी के यहां बेचने की बात बताई है।

पुलिस ने दो कबाड़ियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ करने में लगी हुई है। पुलिस ने बताया आरोपी के बताए गए नाम और पते की छानबीन की जा रही है।

## घर से नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

कैंट, अमृत विचार : एक युवती घर से नकदी और जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

एक व्यक्ति ने बताया उसने बड़ी बेटी का रिश्ता तय कर दिया। शादी के लिए जेवर और नकदी घर में रखे थे। नकटिया निवासी रिश्तेदार नासिर का उसके घर आना जाना था। उसने 4 जून की रात में उसकी छोटी बेटी को बहाकर भगा ले गया। युवती अपने साथ घर से जेवर और नकदी भी साथ ले गई। वह जब आरोपी के घर बेटी के बारे में पता किया तो आरोपी की मां हंसरा, पिता अफसर, भाई मुनाजिर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। आरोपी को फोन करने पर वह रिसीव नहीं कर रहा है।

## नहरों की पटरियों पर कब्जों की मची होड़

संवाददाता, बरेली/शेरगढ़


नहर के बीच पाइप डालकर इस तरह बनाया रास्ता। ● अमृत विचार

● कहीं नहर को पाइप और मिट्टी डालकर पाट दिया तो कहीं पटरी पर सज रहीं दुकानें

अमृत विचार : अभियान चलाकर नहरों और पटरी पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। शेरगढ़ में गन्ना केंद्र के पास अतिक्रमणकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर नहर में सीमेंट का पाइप डालकर उसे मिट्टी से पाटकर रास्ता बना लिया है। जहां से वाहन आसानी से गुजर रहे। मोहल्ला कांवर से दयाल पेट्रोल पंप तक नहर की पटरियां भी अवैध कब्जे की जद में हैं। यहां पर अवैध रूप से कब्जा कर कारोबार किया जा रहा है ।शिकायत के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

रुहेलखंड नहर खंड के अधिकारी बताते हैं कि जिले में नहरों से अतिक्रमण हटाने का काम जारी है। इस काम की एक्सईएन खुद निगरानी कर रहे हैं। लेकिन, शेरगढ़-शाही मार्ग पर नहर किनारे पटरियों पर फैला कारोबार उन पर जरूर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। नहर की पटरियों पर सजा बाजार उनको नजर नहीं आता है। अतिक्रमणकारियों ने नहर की जगह को कई जगह समतल कर दिया। आलम यह है जब रोज अधिकारी, कर्मचारी इसी रास्ते से गुजरते हैं। बावजूद इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार बताते हैं कि ठिरिया हेड से निकल कर पिपौली गांव जानी वाली नहर की दोनों तरफ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। लंबी दूरी से बचने को नहरों में पाइप डालकर रास्ता बनाकर कब्जा कर लिया है। नहर से किसानों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। अतिक्रमण को लेकर उनकी ओर से विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई। फिर भी हालत जस के तस बने है।

> नहर और उसकी पटरियों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी भी जारी की गई है। कुछ जगहों से पूर्व में शिकायतें मिलीं थीं कि नहर के बीच पाइप डालकर ग्रामीणों ने रास्ता बना लिया है। वहां मौके पर टीम भेजकर पाइप हटवाएं गए। शेरगढ़ में भी इस तरह का मामला सामने आया है। शनिवार को टीम भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **नवीन कुमार**
> एक्सईएन, सिंचाई विभाग

## दबंगों ने मां-बेटों से की मारपीट, रिपोर्ट

फरीदपुर, अमृत विचार : दुकान पर बैठे मां और दो बेटों पर दबंगों ने लाठी-डंडों, सरिया और धारदार हथियारों से हमला करके घायल कर दिया। हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाई और फरार हो गए।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पदारथपुर में एक दुकान पर बैठे परिवार पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें महिला और उसके दोनों बेटे घायल हो गए। घटना के बाद हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाई और मौके से फरार हो गए। पीड़िता सुवरा ने बताया यह घटना 2 जून की है। वह दुकान पर बैठी थीं, तभी गांव के गौसे खां, इमरान खां, इकरार, अबरार शरीफ खां और बतलून ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों बेटों के सिर फट गए और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
● लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
● O.T. टेक्नीशियन
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेद परिचारिका
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
● वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
● कैंटीन कुक
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अमृत पाल सिंह था जिसे बदलकर अब मैंने अमृत सिंह कर लिया है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। भविष्य में मुझे अमृत सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
अमृत सिंह पुत्र झरमल सिंह निवासी मोहल्ला अशरफ खां थाना कोतवाली तहसील व जिला पीलीभीत।

आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./ एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सार-संक्षेप

### रंजिशन पिता- पुत्र ने युवक को पीटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** रंजिशन पिता- पुत्र ने एक युवक को पीट दिया । घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। धौंराटांडा निवासी मोहम्मद इरफान गुरुवार शाम को धौंराटांडा अड्डे पर बकरों के लिए गूलर के पत्ते खरीदने गया था। तभी वहां इफ्तिखार अहमद व उनका पुत्र अब्दुल्ला मिल गए। आरोप है उसे देखते ही दोनों उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसे पीट दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने जैसे तैसे बीच-बचाव किया।

### दरवाजे पर बैठे युवक पर किया जान लेवा हमला

**फरीदपुर,अमृत विचार :** घर के बाहर दरवाजे पर बैठे युवक पर लोहे के सरिया से दबंग ने जानलेवा हमला का दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला फर्रखपुर निवासी दीपू ने बताया शुक्रवार को वह अपने घर के दरवाजे पर स्लिप पर बैठा था कि तभी मोहल्ले के डम्मी वीरू से कहां सुनी हो गई जिसको लेकर,दोनों ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया और लोहे की सरिया से उसे पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह लहू लुहान हो गया आरोपी उसे गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दीपू को उपचार हेतु नगर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेज उसका मेडिकल परीक्षण करा कर तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को घर से भगा ले गया युवक, रिपोर्ट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक किशोरी को दूसरे गांव का युवक भगाकर ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। भोजीपुरा के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को दूसरे गांव का युवक 25 मई को भगाकर ले गया। किशोरी के परिजनों ने सभी संभावित स्थानों रिश्तेदारियों में खोजबीन की। किशोरी का कहीं भी पता नहीं चल पाया।बाद में पता चला किशोरी को पीपलसाना चौधरी निवासी राहुल नामक युवक ले गया है। किशोरी के पिता जब उसके घर पर गएतो राहुल घर भी नहीं मिला। किशोरी के पिता ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोरी करने से मना करने पर चचेरे देवर ने पीटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** घर से बिना पूछे खाद का कुट्टा लेकर जा रहे चचेरे देवर को भाभी ने रोका तो उसने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव कुंआटांडा निवासी सरिता गंगवार ने बताया उसका चचेरा देवर नरेंद्र गंगवार उसके घर में रखे खाद के कट्टे को लेकर जाने लगा। जब उसने विरोध किया और खाद का कट्टा ले जाने से रोका तो उसने उसे डंडों से पीटने लगा। चीख-पुकार पर आस-पड़ोस के लोगों ने बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पं.रामकुमार शर्मा की स्मृति में हुआ कवि सम्मेलन

**रिठौरा, अमृत विचार :** पं. रामकुमार शर्मा की स्मृति में रिठौरा में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह मोहल्ला ठाकुरद्वारा में हुआ। जिसकी शुरूआत पुलिस चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता,सभासद कमलेश गंगवार, शिक्षक राजेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए कवि देवेंद्र दीक्षित शूल, प्रियांशु त्रिपाठी, सुनील शर्मा समर्थ, अभिषेक अग्निहोत्री, अभिषेक शर्मा, सरोज सरगम, उज्जवल वशिष्ठ, विशाल पाठक,फइम दानिश, बाल कवि समृद्ध शंखधार, शफीक रिठौरवी, नेहा मिश्रा शैलेन्द्र मिश्र देव ने हास्य,व्यंग ,वीर रस से भरी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मीनाक्षी, सोनी, प्रदीप कुमार गुप्ता, श्रेयांस पाराशर आदेश कुमारी, पीयूष शर्मा, निरंजन लाल गंगवार, मोतीराम गंगवार,किशन लाल, संतोष वर्मा,रहमत सलमानी, पूरनलाल गंगवार सहित अन्य मौजूद रहे।

### उपकरण के लिए 78 दिव्यांगों को किया चिन्हित

**मीरगंज, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बरेली की ओर से शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में दिव्यांगों के चिन्हीकरण के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें 78 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया। आगामी दिनों में चिन्हित दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध कराएं जाएंगे। कई दिव्यांगों की पेंशन संबंधित समस्या थी तो उस समस्या का समाधान करा दिया गया। इसके अलावा कई दिव्यांगों के डॉक्युमेंट ले लिए गए। इस दौरान बीडीओ भगवान दास, चिकित्साधिकारी मीरगंज विनय कुमार पाल, नोडल अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता, सफ़दर अली खान, राजकुमार शर्मा, राजेश गंगवार, गजेंद्र गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### किशोरी को भगाने के आरोप में दो दोस्तों पर रिपोर्ट

**सिरौली, अमृत विचार :** एक युवक अपने दोस्त की सहायता से एक किशोरी को भगाकर ले गया। किशोरी के भाई ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया दो दिन पहले रात में करीब 3 बजे एक युवक उसकी नाबालिग बहन को भगाकर ले गया। आरोपी की सहायता उसके ही एक साथी ने की थी। सुबह के समय जानकारी मिलने पर उसने यूपी 112 बुलाकर आरोपी युवक को उसके ही घर से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसने बताया कि उक्त व्यक्ति ने उसकी बहन को मोबाइल दे रखा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुष्पेंद्र सिंह और विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसे में घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक दिन पहले सड़क हादसे में घायल बाइक सवार ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दलेलनगर निवासी मनवीर (40) की अधकटा पुल पर बाइक गुरुवार को पेड़ से टकरा गई थी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया था। उसके साथ जा रहा साला एटा निवासी कल्लू भी घायल हो गया था । घायल ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वह अपने पीछे दो पुत्र और पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गया।

### जीआईसी में रोबोटिक्स और एआई पर समर कैंप



**बरेली,अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में शुक्रवार को रोबोटिक्स और एआई पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन हुआ। देवांश सारस्वत ने छात्रों को एआई के सिद्धांतों, रोबोटिक्स के कंपोनेंट्स के लाइव डेमो दिखाए। इस दौरान छात्रों ने एलईडी प्रोजेक्ट्स, अल्ट्रासोनिक सेंसर और स्मार्ट रोबोटिक कार जैसे मॉडलों का निर्माण किया। बच्चों का तकनीकी रुझान देखकर सभी अतिथि बेहद प्रसन्न हुए। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा और सुतिक्षण वार्ष्णेय ने कार्यक्रम में सह-प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया। प्रधानाचार्य ओपी राय ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों में रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करती हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। संचालन मोइन ने किया।

### दबंगों ने घेरकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** एक युवक को कुछ लोगों ने घेरकर पीटा, युवक के भाई ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मोहल्ला ताड़गंज नई बस्ती निवासी युसुफ ने बताया गुरुवार की शाम 5 बजे उसका भाई रियाज अलीगंज अड्डे से घर आ रहा था। इसी बीच कस्बे के मोहल्ला पटी गली निवासी ज्ञानदीप यादव सात-आठ बाइकों के साथ अन्य साथियों को लेकर आ गया। उन्होंने उसके भाई को लाठी डंडों से मारा पीटा। उन लोगों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### रिठौरा पुलिस चौकी पर तैनात चौकीदार का निधन

**रिठौरा, अमृत विचार :** रिठौरा पुलिस चौकी पर तैनात रहे चौकीदार मुश्ताक अहमद (60) का शुक्रवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी मुन्नी, एक बेटी को पीछे छोड़ गए। उनके निधन पर थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, चेयरमैन शकुंतला देवी, अमित कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, धनपाल सिंह, इकराम अली खान समेत अन्य ने दुख जताया।

### शौचालयों में ताला लगा होने से लोगों को परेशानी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** तहसील परिसर में बने शौचालय में ताला लगा होने से यहां आने वाले वादकारों और अधिवक्ताओं के साथ ही अन्य को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपनिबन्धक कार्यालय में शुक्रवार को बच्चे के साथ बैनामा कराने आई महिला उस समय मुसीबत में पड़ गई जब बेटे को शौच कराने शौचालय पहुंची तो ताला लगा था, दूसरे शौचालय को जाने वाले रास्ते के दरवाजे में ताला लटका हुआ था। इसके बाद वह बच्चे को लेकर उधर-उधर भटकती रही। उपनिबन्धक कैलाश नाथ के फोन करने के बाद ही शौचालय का ताला खुल सका और महिला ने राहत की सांस ली ।

# हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## घर से बुलाकर गांव के युवक के सीने में मारी थी गोली, इलाज के दौरान हो गई थी मौत

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी



मुठभेड़ में घायल हत्यारोपी।

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के पास शुक्रवार तड़के पुराने रूकुमपुर मार्ग पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान टियूलिया अखिलेश के हत्यारोपी करन को दाहिने पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान एक दरोगा और सिपाही भी घायल हो गए।आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, 3 खोखा और 2 जिंदा कारतूस एक बाइक बरामद की गई है।

31 मई को गांव टियूलिया निवासी अखिलेश गंगवार को घर से बुलाकर ले गए गांव के ही करन और उसके एक साथी ने सीने सीने में गोली मारकर घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंचे परिजन पहले जिला अस्पताल और बाद में उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान दो दिन बाद अखिलेश की मौत हो गई थी। पिता सुरेंद्रपाल ने 2 जून को करन और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसके बाद से आरोपी फरार थे।शुक्रवार तड़के पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली आरोपी करन बाइक से गांव रूकुमपुर से हाईवे पर जा रहा है।सूचना पर भरोसा करके थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में एक टीम हाईवे पर एएनए कट के पास खड़ी हो गई। बाइक से आ रहे आरोपी करन को रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस को चकमा देकर उलटा रुकुमपुर की ओर लौटने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो उसने तमंचा से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस टीम ने फायरिंग की, दाहिने पैर में गोली लगने से बाइक समेत आरोपी गिर गया, पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा,दो जिंदा और तीन चले हुए कारतूस, एक बाइक बरामद की। घायल को पुलिस खिरका सीएचसी पर ले गई। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फायरिंग के दौरान दरोगा पवन कुमार, सिपाही लेखपाल सिंह सागर भी घायल हो गए।

### मासूम से दुष्कर्म के बाद गांव में पैदा हो गया था तनाव

**देवरनियां, अमृत विचार :** कक्षा एक में पढ़ने वाली मासूम के साथ रेप के बाद गांव में तनाव पैदा हो गया था। आरोपी के दूसरे समुदाय से जुड़े होने के कारण ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश था। भीड़ ने आरोपी के घर पर भी हमले की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने समझाकर शांत कर दिया था। गांव और थाने में हंगामा होने के बाद तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई थी। हालांकि अब गांव में शांति है, लेकिन पुलिस टीम तैनात है। मासूम से दुष्कर्म का मामला दो समुदाय से जुड़ा होने की वजह से गांव में तनाव पैदा हो गया था। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए शेरगढ़, भोजीपुरा, शीशगढ़ थानों की पुलिस को गांव में तैनात करना पड़ा था। पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर अकील अहमद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी अकील (35) अविवाहित है और वह दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। गांव आने पर वह इसी तरह की हरकतें करता है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने के मुताबिक, बच्ची की हालत ठीक है, लेकिन मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ के बाद आरोपी अकील की गिरफ्तारी के बाद गांव में शांति है। एहतियात के तौर पर अभी भी पुलिस टीम तैनात है।

# बकरीद पर ड्रोन से निगरानी कराने की मांग



सीओ को ज्ञापन देते हिंदू संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से बकरीद पर नई परंपरा न डालने देने, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी और खुले में कुर्बानी न करने देने आदि मांगों को लेकर आठ सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्राधिकारी आंवला नितिन कुमार को सौंपा ।

संगठनों की ओर से बताया गया क्षेत्र में बकरीद शासन की गाइड लाइन के अनुरूप ही संपन्न कराई जाए। नियम का पालन न करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस पैनी नजर रखे। ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व दरावनगर गांव में एक स्थान पर बगैर अनुमति के बड़े जानवर की कुर्बानी दी गई थी। विरोध के बाद प्रशासन ने नई परंपरा पर रोक लगा दी थी। वहीं कस्बे के चाचा नेहरू इंटर कालेज वाली मिश्रित आबादी वाली गली में एक व्यक्ति द्वारा कुर्बानी से करीब 10 दिन पूर्व एक पड्डे को सड़क पर बांधना शुरू कर दिया था। विरोध के बाद पड्डा वहां से हटाया गया था। उन्होंने बताया मुस्लिम पर्वों पर कुछ खुराफाती नई परंपरा डालने की कोशिश करते रहते हैं। इस दौरान अनुपम शंखधार, पवन हिंदू, हिमांशु सोलंकी, निर्मल हिंदू, यथार्थ शर्मा, सोमवीर, ओमवीरपाल, सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### त्योहार पर शांति बनाए रखने को पुलिस तैयार

**राजपुरकलां, अमृत विचार :** ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस में व्यापक तैयारी की है, क्षेत्र में तीन ईदगाह और 12 मस्जिदों पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। अलीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजित राम के अनुसार शनिवार को होने वाले ईद उल अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए पीएसी की मांग की गई है। इसी क्रम में अति संवेदनशील श्रेणी में आने वाले महोलिया गांव के 10 और खैलम गांव के 20 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया क्षेत्र के शूकर पालकों से शनिवार को अपने-अपने जानवरों को बाड़े में बंद करने के लिए कहा गया है। समुदाय विशेष के लोगों से अपील की गई है कि वह खुले में कुर्बानी न करें और भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाए।

### शादी से मना करने के बाद लड़के के बहनोई से की मारपीट

**बहेड़ी, अमृत विचार:** शादी से मना करने पर लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के के बहनोई उसके परिवार के साथ मारपीट की।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव जोखनपुर निवासी रिजवान ने बताया उसका साला हसीब का रिश्ता क्षेत्र की एक युवती से साल भर पहले तय हुआ था। कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में किसी बता को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद लड़की के पिता ने फोन करके शादी करने से मना कर दिया । जिसको लेकर लड़की के पिता और परिजन नाराज होने लगे। जिसे लेकर 31 मई को उसे लड़की के पिता और भाइयों ने उसके साथ गाली गलौज करने लगे और कहने लगे तुमने और तुम्हारे परिवार वालों ने मेरी बेटी का रिश्ता तुड़वाया तुम्हीं लोगों से सारा खर्च वसूलंगा । इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है।

# बिल न जमा करने पर 120 लोगों के कनेक्शन काटे



बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापेमारी करती विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम ने भुता में सुबह चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी करने करने वालों को पकड़ा और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

शुक्रवार सुबह एसडीओ अक्षय कुमार यादव और अवर अभियंता सुशील मिश्रा ने टीम के साथ कस्बे में बिजली उपभोक्ता साधना सरकार पत्नी डॉ. पवन बंगाली, पुष्पा देवी, गिरीश चंद्र, राजेंद्र गंगवार ,ओमकार, नन्हेंलाल, कन्यावती, तुलसीराम आदि को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। सभी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। इनके साथ ही 120 बड़े बकायादारों के कनेक्शन काटे। इसके साथ पांच लाख रुपये की बकाया वसूली भी की गई। एसडीओ अक्षय कुमार यादव व अवर अभियंता सुशील मिश्रा ने बताया कि बिजली अभियान लगातार चलता रहेगा। विद्युत टीम अचानक हुई छापामारी से उपभोक्ताओं में भारी हड़कंप मच गया।

### नाबालिग दूल्हे की रुकवाई शादी

**बीसलपुर, अमृत विचार:** हाथों में मेहंदी लगाए दुल्हन समेत तमाम परिजन और रिश्तेदार बरात आने का इंतजार कर रहे थे। शादी की तैयारियां अंतिम दौर में थी। इसी बीच एक शिकायत पर पुलिस बल के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पहुंची और बरात रुकवा दी गई। दरअसल, दूल्हे की उम्र महज 16 साल की निकली। दोनों परिवारों से जानकारी करने के बाद चेतावनी दी गई कि बालिग होने से पहले विवाह कराया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद विवाह की दावत खाने पहुंचे घराती-बराती भी बैरंग लौट गए। मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

घटना बीसलपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव की है। बताते हैं कि यहां की रहने वाली एक युवती की शादी क्षेत्र के ही एक युवक से तय हुई थी। शादी को लेकर कई रस्में भी पूरी हो चुकी थीं। मगर, कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। जिस युवक की शादी 5 जून को होनी थी, उसकी बीते दिनों सड़क हादसे में जान चली गई।


**ग्राम पंचायत खामपुर उर्फ गंगापुर विकास खंड नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के जी.एस.टी फर्म का रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड की प्रमाणित कापी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा दिनांक 02.06.2025 से 03.06.2025 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 03.06.2025 को दोपहर 3:00 बजे खोला जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामगोपाल के घर से होली चौराहे तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 388986/- |
| 2. | मुन्नालाल के टीन सेड का निर्माण कार्य | 93102/- |
| 3. | चेतराम के घर से छत्रपाल के घर तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 334661/- |
| 4. | भोलेनाथ के घर से सूरजपाल के घर तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 181583/- |

मुन्नी देवी-प्रधान आशीष गंगवार-सचिव


# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला निकला हिस्ट्रीशीटर

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** किशोरी को बैंक खाता खुलवाने के बहाने साथ ले जाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के कुरैया खुर्दकलां गांव निवासी नरेश शर्मा उर्फ माइकल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसका लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास निकला है। वह सेहरामऊ थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। विभिन्न धाराओं में उस पर 16 मुकदमे पूरनुपर, जीआरपी, सेहरामऊ उत्तरी थाने में दर्ज निकले।

घटना गुरुवार को हुई थी। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने माधोटांडा थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसकी पत्नी का निधन 25 अप्रैल को हो गया था। पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चार जून को 12 वर्षीय पुत्री के साथ आरोपी माईकल के घर गए थे। उसने उन्हें घर पर ही रोक लिया था। पांच जून को आरोपी बेटी का बैंक खाता खुलवाने की बात कहकर बाइक से उसे साथ ले गया और छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। किशोरी से भी बयान लिए गए। इसके बाद आरोपी नरेश शर्मा उर्फ माइकल को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि आरोपी नरेश शर्मा उर्फ माइकल सेहरामऊ उत्तरी थाने का हिस्ट्रीशीट है। वर्तमान में वह पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी इलाके में रहता था।

उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इसके ऊपर बाल विवाह अधिनियम, दुष्कर्म की कोशिश, मारपीट, धमकाने, आयुध अधिनियम, गुंडा एक्ट जानलेवा हमला, बिजली चोरी के संबंध में भी पूर्व में विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज निकले हैं। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मारने वाले लापरवाह बाइक चालक पर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरिफ खान निवासी ग्राम शीशमखेड़ा ने बताया कि उनके भाई गुलाम नबी 31 मई को घर से बाइक से खेत जा रहे थे। रास्ते में वह रुककर गांव के ही रफीक से बातें करने लगे, इसी दौरान सामने से एक बाइक चालक तेजी से आया और उसके भाई टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजनों ने उसका कई अस्पतालों में इलाज कराया। शुक्रवार को आरोपी बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थ सिंह ने बताया अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### शिकायतकर्ता को माफिया ने धमकाया

**देवरनियां, अमृत विचार :** क्षेत्र में अवैध खनन की मुख्यमंत्री से शिकायत करने वाले का आरोप है खनन माफिया उसे धमकी दे रहे है। उसका कहना है कि खनन माफिया ने धमकी देते हुए कहा वह सबको खुश करते है, इसलिए कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। दो दिन पहले हाईवे किनारे करनपुर में तीन माह से अवैध खनन की शिकायत एक्स के माध्यम से की गई थी। अब कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में हल्का पांच के गांव रहपुरा धनश्याम में अवैध खनन का मामला सामने आया। आशुतोष शर्मा का आरोप है बिना परमीशन गांव के कुछ लोग खनन कर रहे हैं। उसने जब उन लोगों से खनन के परमिशन के बारे में पूछा तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

### अवैध बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** पुलिस ने एक युवक को अवैध बंदूक सहित गिरफ्तारक किया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम गुलड़िया मकरंदपुर निवासी राजेश को अवैध बंदूक सहित पकड़ लिया । आरोपी के पास से 12 बोर देसी बंदूक के अलावा कारतूस भी बरामद हुए हैं ।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय सिंचाई खण्ड बरेली**

**नानकसागर (ऊधमसिंहनगर)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय उपखण्ड नानकसागर बांध, सिंचाई खण्ड बरेली से संबंधित निम्नलिखित नीलामी दिनांक-13.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे दिन में खण्डीय कार्यालय सिंचाई खण्ड बरेली में सम्पन्न की जायेगी। प्रत्येक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व नीलामी के सम्मुख अंकित धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट (अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली के नाम का) जमा करना होगा। जो उच्चतम बोलीदाता के अतिरिक्त शेष बोलीदाताओं को वापस कर दिया जायेगा। धरोहर धनराशि जमा करने का समय 12.00 बजे से 12.45 बजे तक रहेगा। उच्चतम बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराशि नीलामी के 03 दिवस के अन्दर नकद जमा करनी होगी। जमा की जाने वाली धनराशि कैश में मान्य नहीं होगी। उच्चतम बोलीदाता को एकमुश्त धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चेक/चेक, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड बरेली के नाम का जमा करना होगा। उच्चतम बोली आने पर बोलीदाता को नीलाम स्वीकृत कराने से पूर्व नीलाम शर्तों का शपथ-पत्र के साथ चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नीलामी की अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी एवं खण्डीय कार्यालय में देखी व पढी जा सकती हैं।

| क0 सं0 | नीलामी का विवरण | धरोहर धनराशि | नीलामी की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम जंगल जोगीठेर के खसरा नं0 91 में स्थित तालाब/झील में सिंघाडा डालने व मछली पकडने की नीलामी। | 5000.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2026 तक |
| 2. | नानकसागर बांध के अन्तर्गत घास-फूस, खडिया, चमडा, टाटर आदि की नीलामी। | 2000.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2026 तक |

नोटः- निर्धारित तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश आदि होने की दशा में नीलामी अगले कार्य दिवस में सम्पन्न की जायेगी।

UP - 234601 दिनांकः 05/06/2025

विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता द्वितीय
सिंचाई खण्ड बरेली
नानकसागर ऊधमसिंहनगर


# ग्रामीणों की दूर हुई समस्या, बने दो शवदाह गृह

संवाददाता, शेरगढ़

**कबरा किशनपुर में बारिश में तिरपाल तानकर करना पड़ता था अंतिम संस्कार**



गांव में एक साथ बनकर तैयार हुए दो शवदाह गृह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अमृत विचार समाचार पत्र की मुहिम आखिरकार रंग लाई, गांव कबरा किशनपुर में एक नहीं, बल्कि दो शवदाह गृह बनकर तैयार हो गए। ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी की ओर से बनवाए गए शवदाह गृह का निर्माण पूरा हो गया है,सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार की ओर से बनवाए जा रहे शवदाह गृह का निर्माण अंतिम चरण में है।

गांव में शवदाह गृह निर्माण होने से ग्रामीण काफी खुश है, क्योंकि बारिश में उन्हें अब अंतिम संस्कार के दौरान तिरपाल से मुक्ति मिल सकेगी। बता दें गांव कबरा किशनपुर के लोगों को बारिश के दौरान अंतिम संस्कार के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। कई बार ग्रामीणों को बारिश के दौरान झाड़ियों में ऊबड़-खाबड़ जगह में छाता और तिरपाल के सहारे अंतिम संस्कार करना पड़ता था। इतना ही नहीं श्मशान भूमि तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को खेतों के रास्ते से गुजरना पड़ता था। एक बार तो भयानक बारिश की वजह से शव को 24 घंटे घर में रखना पड़ा था। ग्रामीणों की इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख और सांसद ने ग्रामीणें को इस समस्या से मुक्ति दिलाने के यहां शवदाह गृह बनवाने का आश्वासन दिया, जो अब लगभग बनकर तैया हो गया है। ग्रामीणों की मानें तो गांव से शवदाह स्थल तक 1 किलोमीटर कच्चे रास्ते पर जिला पंचायत की ओर से खड़ंजा निर्माण कराया जाएगा जिसके लिए क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य मुन्नू गंगवार ने हामी भर दी। ग्रामीण मनोहर लाल गंगवार,ताराचंद मौर्य,राकेश श्रीवास्तव,जगदीश चंद्र मौर्य,शंकर लाल,सोहनलाल, मुन्ना सिंह,राकेश गंगवार, शिशुपाल आदि समेत गांव वासियों ने आभार जताया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता विकास खण्ड उसावाँ**

पत्रांक : 36 दिनांक : 06.06.2025

ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता विकास खण्ड उसावाँ (बदायूँ) में राज्य वित्त/15वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि एवं धन आने की प्रत्याशा में निम्नानुसार प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.06.2025 से दिनांक 12.06.2025 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 12.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | साइज | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | शिम्भू नगला में भूरे सक्सेना के घर से गिरीश मिस्त्री के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 90 मी. | 352919.00 |
| 02 | गढिया चौरा में गेन्दू के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 75 मी. | 298830.00 |
| 03 | शिम्भु नगला में राजेन्द्र शाक्य के घर से आशाराम के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 90 मी. | 365904.00 |
| 04 | शिम्भु नगला में मोहकम शाक्य के घर से शिवलाल भगत के घर तक नाला कार्य। | 90 मी. | 365028.00 |
| 05 | बंगस नगला में जसवीर के घर से तालाब तक नाली/पुलिया निर्माण कार्य। | | 94940.00 |
| 06 | खेड़ा जलालपुर पुख्ता में हनीफ के घर से सी.सी. रोड तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 87 मी. | 367433.00 |
| 07 | शिम्भु नगला में अहिवरन की बैठक से मैकू के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 81 मी. | 266443.00 |

सचिव
अलख निरन्जन

प्रधान
श्री ध्यानपाल सिंह

